हम खबर बनाते नहीं, खबर बताते हैं...

# बस्तर इम्पेक्ट

बस्तर का सबसे तेज़ बढ़ता अखबार

वर्ष-18, अंक-314, दंतेवाड़ा, शनिवार, 01 अगस्त 2026, पृष्ठ-08, मूल्य- 1.50 रुपए | रायपुर एवं दंतेवाड़ा से एक साथ प्रकाशित | email. bastarimpact@gmail.com, RNI NO. CHHHIN/2009/32467, प्रधान संपादक - सुरेश महापात्र



## दिल्ली दंगा : पूर्व AAP पार्षद ताहिर समेत 5 को उम्रकैद

### IB अफसर की हत्या के दोषी, कोर्ट बोला- घटना गंभीर, इसने समाज को झकझोर दिया

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

2020 के दिल्ली दंगों के दौरान IB अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई।

कोर्ट ने कहा कि यह बेहद गंभीर वारदात थी, जिसने समाज को झकझोर दिया।

कोर्ट ने 13 जुलाई को ताहिर, नाजिम, काशिम, अनस और जावेद को हत्या, अपहरण, दंगा और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने का दोषी ठहराया था। वहीं, 11 आरोपियों में से 6 को बरी कर दिया गया था।



**पुलिस ने मौत की सजा मांगी थी**

दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा था, आरोपियों ने सारी हदें पार कर दीं। अंकित की मौत होने के बाद भी उन पर हमला जारी रखा गया। यह बेहद क्रूर और सुनियोजित हत्या थी। इसलिए दोषियों को फांसी की सजा दी जाए।

**ताहिर के वकील ने कहा- रेयरेस्ट ऑफ रेयर का मामला नहीं**


ताहिर हुसैन के वकील ने दलील दी थी कि हर हत्या के मामले में मौत की सजा नहीं दी जा सकती। किसी भी दोषी की अलग-अलग भूमिका साफ नहीं बताई गई। इसलिए यह मामला रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में नहीं आता।

**लोकल कोर्ट ने कहा** - ताहिर हुसैन हथियारों से लैस उस भीड़ का हिस्सा थे, जो हिंदुओं के प्रति नफरत के कारण दंगा, आगजनी और लूटपाट करने के लिए इकट्ठा हुई थी। जिसने बेरहमी से और लगातार हमला करके शर्मा की हत्या कर दी।

## कॉमनवेल्थ में भारत को 15 मिनट के अंदर 2 गोल्ड

## जूडो में पहला गोल्ड

### अस्मिता ने कनाडाई प्लेयर को हराया




**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में 15 मिनट के अंदर 2 गोल्ड जीत लिए हैं। शुक्रवार रात 8.56 बजे जूडो खिलाड़ी अस्मिता डे ने विमेंस 48 kg वेट कैटेगरी के फाइनल में कनाडा की खिलाड़ी हेइडी क्राच को 2-1 से हराया। उसके बाद 9.11 बजे हर्ष सिंह ने पुरुषों के 60 kg में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ काट्ज को 10-0 से हराया और दूसरा गोल्ड दिलाया। इन दो गोल्ड के सहारे भारत मेडल टैली में 9वें स्थान पर है। उसके पास 5 गोल्ड, 10 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज सहित 19 मेडल हैं।

## UP में गंगा का पानी हाईवे तक पहुंचा
## गुजरात-उत्तराखंड में स्कूल बंद

### राजस्थान के बाड़मेर में 40° तापमान

### 7 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट



**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

यूपी में मानसून फिर से कमजोर पड़ गया है, लेकिन पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश के कारण गंगा, घाघरा-सरयू समेत 10 नदियां उफान पर हैं। वहीं, बिजनौर में गंगा का पानी बहसूमा-ठाकुरद्वारा स्टेट हाईवे के ऊपर से बह रहा है। गुजरात में आज सभी स्कूलों और कॉलेजों की छुट्टी कर दी गई है। वहीं, उत्तराखंड में भी खराब मौसम को देखते हुए बागेश्वर और रुद्रप्रयाग में भी आज स्कूल बंद हैं। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में गर्मी बढ़ गई है। जैसलमेर, बाड़मेर में तापमान 40 डिग्री के पार चला गया है। इसकी वजह पश्चिम की तरफ से आ रही गर्म हवाएं हैं।

मध्य प्रदेश में मानसून के 3 स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हैं। इसके चलते अगले 2 दिन प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में भारी बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा राजस्थान, बिहार समेत 7 राज्यों में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

## ईरान पर हमले रोकने का बिल एक वोट से गिरा

**अब राष्ट्रपति को मिलिट्री एक्शन का अधिकार, ट्रम्प के एक सांसद ने वोटिंग नहीं की**

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में एक वोट से गिर गया है। गुरुवार को हुई वोटिंग में इसके पक्ष में 49 और विरोध में 50 वोट पड़े। ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद डेव मैककॉर्मिक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। अगर यह प्रस्ताव पास हो जाता, तो अमेरिकी राष्ट्रपति को ईरान पर हमलों से पहले संसद की मंजूरी लेना जरूरी हो जाता। यानी राष्ट्रपति खुद यह फैसला नहीं ले सकते थे। ईरान जंग को लेकर विपक्षी सांसद मांग कर रहे हैं कि ऐसे किसी भी सैन्य अभियान पर अंतिम फैसला संसद ही ले। ताजा घटनाक्रम के बाद इसे सीनेट में लाने के लिए दोबारा कोशिश करनी होगी। सैन्य कार्रवाई रोकने का विधेयक फिलहाल अमेरिकी सीनेट की विदेश मामलों से जुड़ी कमेटी के पास है।

**जंतर-मंतर और संसद मार्च में घायल दिल्ली पुलिस के परिजन ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की**

## मेरे पिता घर आए तो वर्दी खून से लाल थी
## परिजन बोले- प्रोटेस्ट में स्टूडेंट नहीं, गुंडे थे



**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में घायल दिल्ली पुलिस और सुरक्षा बलों के परिजन ने शुक्रवार को 25 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मंच पर 4 लोग मौजूद थे। 3 ने आरोप लगाए।

एक ने कोऑर्डिनेट किया। उन्होंने कहा, 20 तारीख के बाद यही नेरेटिव चलाया जा रहा है कि छात्रों को पुलिस ने पीटा, लेकिन प्रोटेस्ट का सच कुछ और ही है। हमला पुलिसवालों पर भी हुआ है।

**पुलिसवालों के परिजन के 3 आरोप**

**पहला आरोप**

घायल पुलिसवाले की बेटी गुंजन ने कहा- प्रदर्शन में असामाजिक तत्व भी थे

मेरे पिता जंतर-मंतर पर बैरिकेड के पास तैनात थे। वे अक्सर कहते थे कि यह अब सिर्फ छात्रों का प्रदर्शन नहीं रहा, इसमें असामाजिक तत्व भी शामिल हो गए हैं। 20 जुलाई को रात 10 बजे मेरे पिताजी को उनके साथी घर लेकर आए। उनकी वर्दी खून से लथपथ थी। हिंसक भीड़ ने उन्हें घसीटा और जंतर-मंतर मंच के पास पीट-पीटकर मारने की कोशिश की थी। वे करीब चार घंटे तक रूरुअस्पताल में बेहोश रहे, फिर भी सोशल मीडिया पर उन्हें ही क्रिमिनल बताया गया।

**दूसरा आरोप**

घायल ASI की पत्नी सीमा बोलीं- शरारती तत्वों ने पुलिस पर पथराव किया

20 जुलाई शाम 7 बजे पति को कॉल किया, तो वो हॉस्पिटल में इलाज करा रहे थे। भीड़ में मौजूद शरारती तत्वों ने पत्थर और हथियारों से पुलिस जवानों को घायल कर दिया था। इसके बाद उनका फोन बंद हो गया। रात 11 बजे जब पति घर आए, तो उन्होंने बताया कि संसद की सुरक्षा के लिए लगाई गई बैरिकेडिंग को तोड़ा गया और पुलिस फोर्स पर हमला किया गया। ड्यूटी के दौरान उन्हें मिला हेलमेट पूरी तरह टूट चुका था।

**तीसरा आरोप**

घायल ASI के बेटे लक्ष्य सिंह बिष्ट ने कहा- प्रदर्शन में उपद्रवी भी थे

मेरे पिता ASI हैं। उन्हें बहादुरी के लिए 4 सम्मान मिल चुके हैं। मेरे दादाजी भी BSF में थे। 1971 की जंग लड़ चुके हैं। जंतर-मंतर प्रदर्शन में पिता फ्रंटलाइन पर तैनात थे। उनके साथी से पता चला कि उनके सिर में गंभीर चोट लगी है।

जब उनकी तस्वीर देखी तो सिर मुंडा हुआ था और चार टांके लगे थे। मैं डर गया था। पिता ने बताया कि प्रदर्शन में सिर्फ छात्र नहीं थे, बल्कि हिंसक और उपद्रवी लोग भी शामिल थे।

## पेट चीरते हुए आरपार निकला 7 फीट लोहे का पाइप

**सड़क किनारे लगे बैरिकेड से टकराई बाइक, 3 दोस्त घायल, एक गंभीर**



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में गुरुवार देर रात तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे लगे लोहे के बैरिकेड से टकरा गई। हादसे में बैरिकेड का लोहे का पाइप युवक के पेट में घुस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और तड़पता रहा। इस घटना में बाइक पर सवार उसके 2 दोस्त भी घायल हुए हैं। तीनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सकरी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, जारहागांव निवासी प्रियांशु ज्ञानिक अपने दो दोस्तों के साथ देर रात बाइक से बिलासपुर से घर लौट रहा था। सकरी और पेंडारी के बीच मेन रोड पर उनकी बाइक अचानक बेकाबू हो गई और सड़क किनारे लगे लोहे के बैरिकेड से टकरा गई।

## 2011 से अलग रह रहे उमर अब्दुल्ला-पायल का तलाक

**32 साल पहले हुई थी शादी, सुप्रीम कोर्ट ने आपसी सहमति से डिवोर्स को मंजूरी दी**



**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनकी पत्नी पायल को तलाक की मंजूरी दे दी है। उनकी शादी 32 साल पहले हुई थी। दोनों 2011 से अलग रह रहे थे। दोनों ने कोर्ट को बताया कि आपसी सहमति से अपनी शादी खत्म करने और सभी विवादों को सुलझाने का फैसला किया है। उमर ने सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी शादी को खत्म करने से इनकार कर दिया था।

## सदन में पप्पू यादव पुजारी बनकर पहुंचे, राहुल ने चंदा दिया राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर विपक्ष का प्रदर्शन, मंत्री जितेंद्र सिंह के खिलाफ विशेषाधिकार नोटिस



**नई दिल्ली।** विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर प्रदर्शन किया। सांसद पप्पू यादव पुजारी के वेश में दानपेटी लेकर पहुंचे। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने दानपेटी में चंदा डाला। साथ ही विपक्षी सांसद बैनर लेकर पहुंचे जिसमें 'अमित शाह संसद से गायब क्यों' लिखा हुआ था। इधर, लोकसभा की कार्यवाही 11 बजे शुरू हुई, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। 12 बजे दोबारा शुरू होने पर लोकसभा में जन्म-मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) बिल, 2026 ध्वनि मत से पास हुआ। लोकसभा और राज्यसभा तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई हैं। वहीं, कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के संसद में दिए गए बयान को लेकर उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया है। सिंह ने कहा था कि जंतर-मंतर और संसद मार्च में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग नहीं हुई थी।

## 4 मंजिला बिल्डिंग ढही, 9 मौतें

### मरम्मत का काम चलते वक्त हादसा, 4-5 लोगों के फंसे होने की आशंका



**एजेंसी न्यूज. भिवंडी**

महाराष्ट्र के भिवंडी में गुरुवार रात करीब 11.30 बजे एक चार मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। 4 से 5 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है।

राहत और बचाव अभी भी जारी है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि बिल्डिंग में 48 कमरे थे। हर मंजिल पर 12 कमरे बने हुए थे। निगम ने बिल्डिंग को पहले ही खतरनाक घोषित कर दिया था, जिस समय यह हादसा हुआ, उस वक्त मरम्मत का काम चल रहा था।

**अफसर ने बताया- रात में ही इमारत में दरारें आ गई थीं**

एक अधिकारी ने इस बिल्डिंग में रह रहे लोगों के हवाले से बताया कि गुरुवार रात करीब 9 बजे इमारत में जोरदार चटकने की आवाजें सुनी गईं। कुछ लोगों ने दरारें भी देखीं। इसके बाद स्थानीय लोगों ने परिवारों को दूसरी जगह शिफ्ट करना शुरू कर दिया, तभी इमारत का एक हिस्सा ढह गया।

घटनास्थल पर नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (NDRF), ठाणे रिस्पॉन्स फोर्स (TDRF) और फायर ब्रिगेड की टीमों ने रेस्क्यू किया।

भिवंडी के इंदिरा गांधी अस्पताल के कैजुअल्टी ऑफिसर डॉ. आकाश शुक्ला ने बताया कि रात में दो पुरुष और एक महिला को अस्पताल लाया गया। तीनों को मामूली चोटें आई हैं।

कलेक्टर श्रीकृष्ण पांचाल ने बताया कि बिल्डिंग में मरम्मत का काम शुरू किया गया था, लेकिन इसके लिए नगर निगम से अनुमति नहीं ली गई थी।

## 3 अगस्त को सीएम हाउस घेराव करेगी कांग्रेस

**महंगी बिजली के खिलाफ कांग्रेस का बड़ा आंदोलन, 1 से 3 अगस्त तक प्रदेशभर में होगा प्रदर्शन**

**रायपुर।** प्रदेश में बढ़ते बिजली बिल को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में कहा कि कांग्रेस 1 से 3 अगस्त तक पूरे प्रदेश में तीन दिवसीय चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। जिला मुख्यालयों पर प्रेसवार्ता, घर-घर जनसंपर्क और आवेदन अभियान के बाद 3 अगस्त को मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। बैज ने कहा कि प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को लगातार अधिक बिल मिल रहे हैं।

### BJP के 2 जिलाध्यक्षों के बीच बहस...

## नाश्ते का इंतजाम नहीं कर सकते तो इस्तीफा दें, ऑडियो
## कांग्रेस बोली- मलाई कम इसलिए समोसे पर संग्राम

**दुर्ग-भिलाई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई में भाजपा के 2 जिलाध्यक्षों के बीच हुई कथित फोन पर बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष खगेश कोसरिया के बीच पार्टी के एक कार्यक्रम में नाश्ता, पानी और स्वागत व्यवस्था के खर्च को लेकर लंबी बहस सुनाई दे रही है। ऑडियो सामने आने के बाद अब सियासत हो रही है। वायरल ऑडियो में फोन पर बातचीत के दौरान मामला इतना बढ़ गया कि पुरुषोत्तम देवांगन ने खगेश कोसरिया से कहा कि अगर संगठन नहीं चला सकते तो साफ बता दें और जरूरत पड़े तो इस्तीफा भी दे दें। इस ऑडियो को कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया है। इसके बाद कांग्रेस ने भाजपा की कार्यशैली और प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए तीखा हमला बोला।

कथित वायरल ऑडियो में भिलाई बीजेपी जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि बाहर से आने वाले अतिथियों के सामने कार्यक्रम बेहतर होना चाहिए। उन्होंने पैकेट में नाश्ता, पानी और फूल-माला की अच्छी व्यवस्था करने की बात कही। उनका तर्क था कि जिला संगठन की छवि भी ऐसे आयोजनों से बनती है।




## भरत एनकाउंटर में पहली गोली मारने वाला STF जवान गिरफ्तार

### बिहार CM से परिवार की मुलाकात के बाद एक्शन, 5 गोलियां मारी गई थीं



**आरा (भोजपुर)।** बिहार में भोजपुर के भरत तिवारी एनकाउंटर में बड़ी कार्रवाई हुई है। उस पर गोली चलाने वाले बिहार एसटीएफ के जवान अक्षय कुमार को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया है। भरत तिवारी का एनकाउंटर 17 जून को हुआ था। उसकी मां आशा देवी ने अक्षय कुमार पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी जवान को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोप है कि आत्मसमर्पण करने के बाद भरत तिवारी को सबसे पहली गोली अक्षय कुमार ने मारी थी। एनकाउंटर की जांच के दौरान कई बार बुलाने के बाद भी वह पूछताछ के लिए नहीं आया।


**बॉटम न्यूज...**

## स्पेन में घुसने पहुंचे 60 हजार प्रवासी, 34 की मौत

### मोरक्को से समुद्र में तैरकर आए थे, बॉर्डर पर सेना ने रोका तो भगदड़ मची

**एजेंसी न्यूज. सिउटा**

स्पेन में जबरन घुसने की कोशिश के दौरान दम घुटने और डूबने से 34 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी क्क के मुताबिक, घटना गुरुवार सुबह हुई, तब 3 हजार प्रवासी एकसाथ स्पेन में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे सीमा पर पुलिस की घेराबंदी और सुरक्षा बाड़ के बीच संकरे रास्तों के कारण लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े। भीड़ में दबने, दम घुटने और समुद्र में डूबने के कारण यह हादसा हुआ। इस दौरान स्पेन और मोरक्को के 100 से ज्यादा सैनिक भी घायल हो गए। स्पेनिश सरकार ने बताया कि 24 घंटे में मोरक्को की तरफ से करीब 60 हजार लोग तैरकर या पैदल चलकर स्यूटा में घुस चुके है। यह शहर की आबादी का 70% है।



**स्यूटा से ही यूरोप में घुसने की सबसे ज्यादा कोशिश क्यों**

स्यूटा भले ही भौगोलिक तौर पर अफ्रीका में है, लेकिन यह स्पेन और यूरोपीय संघ (EU) का हिस्सा है। यानी अगर कोई प्रवासी स्यूटा में घुस जाता है, तो वह यूरोप की सीमा तक पहुंच जाता है। यही वजह है कि हजारों लोग हर साल यहां से यूरोप में दाखिल होने की कोशिश करते हैं। स्यूटा ऐसा शहर है जहां अफ्रीका और यूरोप की सीधी जमीनी सीमा मिलती है। इसलिए बेहतर नौकरी और अच्छी जिंदगी की तलाश में मोरक्को समेत कई अफ्रीकी देशों के लोग सबसे ज्यादा इस रास्ते को चुनते हैं।



ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में एक वोट से गिर गया है

ब्रेकिंग न्यूज...

## पाकिस्तान में क्वेटा की कोयला खदान में भीषण विस्फोट, 32 खनिकों की मौत

**एजेंसी न्यूज. क्वेटा**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में गुरुवार को एक कोयला खदान में भीषण विस्फोट हो गया, जिसमें 32 खनिकों की जान चली गईष घटना क्षेत्र सोरांगे इलाके के एक निजी कोयला खदान की है। विस्फोट के बाद कई लोग फंसे हुए हैं, जबकि दर्जनों घायल हुए हैं। खान एवं खनिज मामलों के प्रांतीय मंत्री मीर शोएब नोशेरवानी ने मृतकों की पुष्टि करते हुए कहा कि घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है।

प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा गुरुवार देर रात को हुआ था और शुक्रवार तड़के तक 29 शव निकाले गए हैं, अभी 3 शव और निकाले जा रहे हैं। घटना के समय कम से कम 36 खनिक घटनास्थल पर मौजूद थे। हादसे के बाद किसी भी जीवित व्यक्ति के मिलने की संभावना बहुत कम है। घातक विस्फोट के कारणों का पता नहीं चला है, लेकिन मीथेन गैस के जमाव को कारण बताया जा रहा है।

सूत्रों ने क्षेत्र के वरिष्ठ सरकारी खनन अधिकारी अब्दुल गनी बलूच के हवाले से बताया कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि करीब की 2 अन्य खदानें भी क्षतिग्रस्त हो गईं।

# उजैर बलोच के भाई पर ल्यारी में ताबड़तोड़ फायरिंग, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी न्यूज. कराची**

पाकिस्तान के कराची शहर के ल्यारी इलाके में गुरुवार शाम जेल में बंद गैंगस्टर उजैर बलोच के भाई जुबैर बलोच पर अंधाधुंध फायरिंग की खबर सामने आई है। इस हमले में जुबैर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि 2 राहगीर भी गोली लगने से जख्मी हो गए। तीनों को तुरंत कराची के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। चाकीवाड़ा पुलिस के मुताबिक, करीब 40 साल के जुबैर बलोच को मुख्य चाकीवाड़ा रोड पर गोली मारी गई। दक्षिण कराची के डीआईजी सैयद असद रजा ने बताया कि जुबैर अपने घर के बाहर सिंगू लेन में बैठा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार हथियारबंद हमलावर पहुंचे और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जुबैर के सीने और पेट में कई गोलियां लगी हैं और ताजा अपडेट यह है कि उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और उसका ऑपरेशन किया जा रहा है। घायल हुए 2 राहगीरों में से एक की हालत भी गंभीर बताई गई है। डीआईजी असद रजा ने बताया कि पुलिस इस हमले की कई पहलुओं से जांच कर रही है। इसमें गैंगवार और निजी दुश्मनी दोनों एंगल शामिल हैं। पुलिस ने यह भी जानकारी दी कि जुबैर बलोच को वर्ष 2012 में 7 आपराधिक मामलों में गिरफ्तार किया गया था। बाद में वह जनवरी 2025 में जेल से रिहा हुआ था। ल्यारी के एक सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि कुछ महीने पहले जुबैर एक राजनीतिक दल में शामिल हुआ था और उसने अपने इलाके में उस पार्टी के झंडे भी लगाए थे। सामाजिक कार्यकर्ता ने यह भी कहा कि ल्यारी में ऐसी चर्चाएं हैं कि कराची ऑपरेशन के दौरान दुबई और ईरान भागे कुछ गैंगस्टर अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद वापस लौट आए हैं।

# मोरक्को से हजारों प्रवासी स्पेन के स्यूटा में घुसे; 19 की मौत, सेना तैनात

**मोरक्को की सीमा से सटे स्पेन के उत्तरी अफ्रीकी क्षेत्र स्यूटा में हजारों प्रवासी घुस आए हैं। प्रवासी सीमा की नाकेबंदी तोड़कर स्यूटा में घुस गए, जिसके चलते भारी हंगामा हुआ।**



**एजेंसी न्यूज. स्यूटा**

इस दौरान कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई है। हंगामा बढ़ने के बाद स्पेन ने स्यूटा में सेना तैनात की है। बता दें कि स्यूटा स्पेनिश स्वायत्त शहर है। इसकी जमीनी सीमा मोरक्को से लगती है और समुद्र के दूसरी ओर स्पेन है।

स्यूटा में सैकड़ों प्रवासी तैरकर घुसे, जबकि हजारों ने सीमा की नाकेबंदी को तोड़ दिया। स्पेन के गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 24 घंटों में लगभग 49,000 प्रवासी स्यूटा में प्रवेश कर चुके हैं।

स्यूटा की अपील के बाद स्पेन सरकार ने कहा कि वो सेना तैनात करने जा रही है।

स्यूटा के सिविल गार्ड एसोसिएशन प्रमुख रचिद सबीही ने कहा, ठीक-ठीक नंबर बताना मुमकिन नहीं, लेकिन हजारों प्रवासी आ रहे हैं। सीमा पूरी तरह टूट गया है।

दरअसल, इस महीने की शुरुआत में स्यूटा के सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि समुद्र के रास्ते स्यूटा पहुंचने की कोशिश के दौरान पकड़े गए प्रवासियों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के मोरक्को वापस नहीं भेजा जा सकता।

कोर्ट ने कहा था कि जमीन के रास्ते आए प्रवासियों को तुरंत वापस भेजा जा सकता है, लेकिन समुद्र से आने वालों को नहीं।

इस फैसले का फायदा उठाते हुए कई लोग तैरकर स्यूटा आ गए।

प्रवासी संकट को देखते हुए इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्पेन के साथ शेंगेन समझौता रद्द करने की धमकी दी।

उन्होंने कहा, %हम सभी संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक खत्म होते ही जरूरी कदम उठाए जाएंगे। जरूरत पड़ी तो स्पेन के साथ शेंगेन समझौते को भी अस्थायी रूप से रोका जा सकता है। इटली चुपचाप यह सब नहीं देखेगा। हम कार्रवाई करेंगे।% उन्होंने इस मामले को %चौंकाने वाला% बताया।

स्यूटा में %गंभीर मानवीय और सामाजिक आपातकाल% का ऐलान कर दिया गया है। स्यूटा के क्षेत्रीय नेता जुआन जेसुस विवाश ने बताया कि प्रवासी केंद्र पूरी तरह भर चुके हैं और सैकड़ों लोगों को खुले आसमान के नीचे सोने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

नाबालिगों को रखने वाले केंद्र क्षमता से 2400 प्रतिशत तक ज्यादा भर चुके हैं।

# अगर मुझे किसी देश ने हिरासत में लिया तो इजरायल की स्पेशल फोर्स तैयार बैठी है, बेंजामिन नेतन्याहू ने दी खुली चेतावनी

**एजेंसी न्यूज. यरूशलम**

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि अगर कोई विदेशी सरकार इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के गिरफ्तारी वारंट के तहत उन्हें हिरासत में लेने की कोशिश करती है, तो इजरायल की स्पेशल फोर्स इसमें दखल देने के लिए तैयार है। आपको बता दें कि ये विवाद तब सामने आया है जब न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने बयान जारी किया था कि अगर नेतन्याहू सितंबर में न्यूयॉर्क में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भाग लेने आते हैं तो वे अधिकारियों से नेतन्याहू की गिरफ्तारी को लेकर चर्चा करेंगे। हालांकि, बाद में ममदानी अपने बयान से पलट गए थे। माना जा रहा है कि नेतन्याहू का ताजा बयान इसी विवाद को लेकर सामने आया है।

बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका के दौरे पर हैं। इस दौरान नेतन्याहू ने कहा है कि उन्हें उन देशों की यात्रा करने में कोई भी हिचकिचाहट नहीं है जो कि 2024 के आईसीसी आदेश का समर्थन करते हैं। आपको बता दें कि इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने नवंबर 2024 में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इजरायल के पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के खिलाफ युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों को लेकर अरेस्ट वारंट जारी कर दिया था। इस दौरान विदेशों में गिरफ्तार किए जाने के जोखिमों- जैसे कि मेडिकल इमरजेंसी जैसी अप्रत्याशित घटनाओं के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए नेतन्याहू ने कहा- हां, मैं इसके बारे में सोचता हूं। आप जानते हैं, हमारे पास स्पेशल फोर्स मौजूद हैं। मैंने पांच साल तक उसमें काम किया है।

नेतन्याहू ने बताया है कि वह न्यूयॉर्क शहर की अपनी यात्रा जारी रख सकते हैं। उन्होंने शहर के मेयर ममदानी पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं इस नफरत फैलाने वाले अधिकारी के सामने सच बोलूंगा। वह न्यूयॉर्कवासियों के एक समूह को दूसरे समूह के खिलाफ भड़का रहा है। वह उन्हें न्यूयॉर्क के यहूदियों के खिलाफ कर रहा है।

## क्या कहते हैं आपके सितारे

**मेष:** सभी महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होने जा रहे हैं । हो सकता है कुछ आकस्मिक लाभ भी इसके बाद होने लगेगा। आपने जिस व्यक्ति के भरोसे से इतने दिनों तक अपने को आशान्वित रखा है, हो सकता है उसका भी सहयोग आपको मिल जाए।

**वृष:** हमेशा ही आपके काम बहुत देर से और झंझटों के बाद ही बनते हैं। आज के दिन भी कोई ऐसा आर्थिक प्लान कारगर होगा और आगे की डगर आसान होगी। आपके सभी सेवाकर्मी या सहयोगीगण आज आपसे कुछ पाने की उम्मीद करेंगे।

**मिथुन:** इस वक्त बहुत सारे काम आपके आगे पीछे आ रहे हैं। यदि आपने अपनी पोज़िशन स्पष्ट करनी है तो फिर अपने से वरिष्ठ अधिकारी को इस बात की जानकारी अवश्य दे दें।

**कर्क:** जितना भी हो आपने अपने परिवार और रोजगार को ही ठीक तरह से संभालने की चेष्टा करें। इस वक्त कारोबार के विस्तार के लिए काफी अनुकूल समय आ रहा है। बाहर की सुविधाएं भी आपको मिल रही हैं और आथिक कमी की भी इस वक्त परेशानी नहीं।

**सिंह:** किसी महान आदमी से मिलने का कार्यक्रम बनेगा या फिर अचानक ही कुछ गणमान्य लोगों की संगति आज जॉइन करने का अवसर मिल जाए। आप उन शुभचिन्तकों और सलाहकारों से भी इनके समाधान खोजने का प्रयास करें।

**कन्या:** आज आपके काम में आने वाली बाधाएं समाप्त हो रही हैं। जिस तरीके से आप अपने कार्यक्षेत्र या व्यापार में उन्नति करते जा रह हो उससे सभी को आश्चर्य होगा। एक वक्त ऐसा आ रहा है।

**तुला:** आज आपको कुछ ऐसा अदभुत कार्य करने का फैसला करना होगा, जिसे करने के लिए पिछले काफी समय से सोच विचार कर रहे हैं। कोई सरल रोजगार का जरिया खड़ा हो सकता है।

**वृश्चिक:** काफी दिनों से जो असमंजस बना हुआ है आज उसका अन्त होगा और मायूसी भी समाप्त होगी। जिस वजह से आपके सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे, अब वह रूकावट हट जाएगी और आपके रचनात्मक कार्यों में गति आएगी।

**धनु:** वैसे तो आप इस प्रकार के काम करते रहते हो, जो दूसरों के लिए जोखिम भरे होते हैं, लेकिन यह सब आपके परिजनों के लिए आम बात है और आपके कार्यक्षेत्र के रिस्क से उनको कोई लेना देना भी नहीं।

**मकर:** आजकल आपका घरेलू और कारोबारी माहौल काफी अस्त व्यस्त हो रखा है। सांयकाल तक आप उन सब विवादों से बाहर निकल सकते हैं, जिनके बलबूते से आपका आत्म सम्मान कभी कभी पराजित हो जाता है।

**कुंभ:** जिस प्रकार प्रतियोगिता या परीक्षा को आप उत्तीर्ण करक लेना चाहते हैं उसका निदान आज करना है, क्योंकि जिस तरीके से अब आप अपनी रणनीति को लागू कर रहे हैं उससे लगता है कि युक्तिसंगत प्रयासों का लाभकारी परिणाम सामने आएगा।

**मीन:** आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। किसी अच्छे लाभ के चक्कर में आप दिन भर कुछ भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। परिस्थितियां जब सुधरती हैं तो सभी काम एक एक कर बनने लगते हैं फिजूल के तनाव और जददोजहद भी खत्म होने लगती है।

# हमने मंजूरी नहीं दी, हमें तो हमले की खबर तक नहीं थी, ट्रंप के दावे को इराक ने किया खारिज

**इराक ने अपने देश में ईरान समर्थित लड़ाकों पर हुए अमेरिका और सऊदी अरब के संयुक्त सैन्य हमलों को लेकर बड़ा बयान दिया है।**

**एजेंसी न्यूज. बगदाद**

इराकी सरकार ने साफ कहा है कि उसने इन हमलों की न तो कोई मंजूरी दी थी और न ही उसे पहले से इनके बारे में कोई जानकारी थी। इन हमलों में ईरान समर्थित पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज यानी कि पीएमएफ के कम से कम 20 लड़ाकों की मौत हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने इस घटना के बाद अपनी प्रस्तावित सऊदी अरब यात्रा भी फिलहाल टाल दी है। इराकी सरकार ने अपनी सीमा के भीतर किसी भी स्थान या समूह पर हमला करने की कोई अनुमति नहीं दी है। सरकार को इन हमलों की पहले से कोई जानकारी भी नहीं थी। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि यह सैन्य कार्रवाई इराकी नेतृत्व के साथ समन्वय करके की गई थी। हालांकि, इराक ने ट्रंप के इस दावे को साफ तौर पर खारिज कर दिया है। इससे पहले बुधवार को भी इराक ने इन हमलों की आधिकारिक रूप से निंदा की थी।

# नेपाल में हिंसा के बीच बड़ी खबर, मृतकों के परिजनों और सरकार के बीच हुआ 7 सूत्रीय समझौता, मदरसों के खिलाफ होगी जांच

**एजेंसी न्यूज. काठमांडू**

नेपाल के सुनसरी में बीते दिनों दो समुदायों के बीच झड़प का मामला सामने आया। इस दौरान कई इलाकों में कर्फ्यू जैसे हालात हो गई। वहीं सुनसरी के कप्तानगंज में पुलिस की गोलीबारी में दो युवकों की मौत भी हो गई। अब दोनों युवकों की मौत के मामले में नेपाल सरकार और मृतकों के परिजनों के बीच 7 सूत्रीय समझौता हुआ है। यह समझौता गुरुवार देर रात सरकार की ओर से गृह मंत्री सुदन गुरुङ तथा मृतक ओमप्रकाश मेहता और जयप्रकाश मेहता के परिजनों के बीच संपन्न हुआ।

देवानगंज गाउंपालिका के अध्यक्ष बेचन प्रसाद मेहता के अनुसार, समझौते पर गृह मंत्री सुदन गुरुङ, ओमप्रकाश मेहता के पिता कृष्णदेव मेहता और जयप्रकाश मेहता के पिता नरेश मेहता ने हस्ताक्षर किए। गौरतलब है कि सुनसरी जिले के देवानगंज गाउंपालिका स्थित कप्तानगंज में पुलिस फायरिंग के दौरान ओमप्रकाश मेहता और जयप्रकाश मेहता की मौत हो गई थी।

**समझौते में किन-किन बातों पर सहमति बनी**

1.नेपाल सरकार दोनों मृतकों को शहीद घोषित करने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करेगी तथा उनके परिवारों को प्रत्येक को 10 लाख नेपाली रुपये की राहत सहायता प्रदान करेगी।

2.घटना की निष्पक्ष और प्रभावी जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का भी सरकार ने आश्वासन दिया है।

3.देवानगंज गाउंपालिका स्थित मदरसे की कानूनी स्थिति की तत्काल जांच शुरू की जाएगी। वहां रह रहे दोषियों को कानून के दायरे में लाने की प्रतिबद्धता जताई गई है।

4.दोनों शोकाकुल परिवारों के एक-एक योग्य सदस्य को सरकारी रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा।

5.घटना की जांच के लिए गठित समिति की रिपोर्ट में शामिल सिफारिशों और सुझावों को भी कानून के अनुसार यथाशीघ्र लागू करने पर सहमति बनी है।

6.स्थानीय सरकार के समन्वय से इस क्षेत्र में उपयुक्त स्थान पर मृतकों की स्मृति में स्मारक पार्क का निर्माण किया जाएगा।

7.सरकार और परिजनों के बीच समझौता होने के बाद दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार आज दोपहर 2 बजे किए जाने का कार्यक्रम तय किया गया है।

बता दें कि भारत से सटे नेपाल के सुनसरी जिले में धार्मिक जुलूस के दौरान विवाद हो गया। गुरुवार को यह विवाद सांप्रदायिक हिंसा में बदल गया।


देखते ही देखते दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए। कई जगह पथराव, आगजनी और तोड़फोड़ हुई। इस दौरान दर्जनों गाड़ियों में आग लगा दी गई, इमारतों को फूंक दिया गया। दुकानों और मकानों में तोड़फोड़ की गई। वहीं हालात को देखते हुए प्रशासन ने 4 जिलों में कर्फ्यू लगा दिया है।

## शब्द सामर्थ्य -116

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 115 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## सू- दोकू क्र.116

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.115 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |




पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक कोयला खदान में मीथेन गैस विस्फोट होने से 34 खनिकों की मौत हो गई। हादसा क्वेटा के बाहरी इलाके में स्थित खदान में गुरुवार को हुआ। रातभर चले बचाव अभियान के बाद सभी शव बरामद कर लिए गए हैं।

बस्तर इम्पेक्ट
सस्ता विज्ञापन और बेहतर व्यवसाय. अपने व्यवसाय का विस्तार करें.
आज ही बुकिंग कराएं
पांच गुणा एक कॉलम बाक्स
प्रतिमाह 500/- रु. मात्र
संपर्क करें -
विज्ञापन प्रबंधक
दैनिक बस्तर इम्पेक्ट
फोन : 252528 फेक्स : 252111

# हमास गाजा में हथियार डालने पर सहमत; इजरायली सेना हटेगी, युद्धविराम के अगले चरण पर काम

**वॉशिंगटन/गाजा।** फिलिस्तीन को स्थायी शांति और स्थिरता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यरत शांति बोर्ड ने शुक्रवार को गाजा में सक्रिय हमास और अन्य हथियारबंद संगठनों के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते की घोषणा की। समझौते के तहत हमास सहित सभी समूह हथियार छोड़ने पर सहमत हो गए हैं तथा युद्धविराम के अगले चरणों को लागू करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर मिलकर काम करने का निर्णय लिया गया है।

शांति बोर्ड ने इस समझौते को गाजा में नई शासन व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। बोर्ड के अनुसार पहली बार हमास ने आधिकारिक रूप से अपने सभी हथियार छोड़ने की व्यवहारिक योजना पर काम करने का वादा किया है। इसके बाद इजरायली सेना की गाजा से चरणबद्ध वापसी का मार्ग प्रशस्त होगा।

बोर्ड का कहना है कि इस समझौते से गाजा के लोगों को लंबे समय से अपेक्षित सुरक्षित और बेहतर भविष्य मिलने की संभावना बढ़ेगी। साथ ही इजरायल के नागरिकों की सुरक्षा भी मजबूत होने की उम्मीद है।

शांति बोर्ड ने बताया कि उसका पूरा ध्यान इस कार्ययोजना को धरातल पर लागू करने पर है। इसके लिए वह गाजा प्रशासन हेतु राष्ट्रीय समिति के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। यह समिति जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल के सहयोग से चरणबद्ध तरीके से गाजा का प्रशासन अपने हाथ में लेगी।

समिति कानून-व्यवस्था स्थापित करने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा मानवीय परिस्थितियों में तेजी से सुधार लाने की दिशा में कार्य करेगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समझौते का स्वागत करते हुए इसे स्थायी शांति और सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि नई फिलिस्तीनी सरकार शांति बोर्ड के सहयोग से कार्य करेगी, जिससे फिलिस्तीनी नागरिकों को स्थिर शासन और विकास का लाभ मिलेगा तथा इजरायल को भी सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

ट्रंप ने कहा कि भविष्य में गाजा का उपयोग किसी भी प्रकार के आतंकी हमलों के अड्डे के रूप में नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे ही हथियार पूरी तरह समाप्त हो जाएंगे, इजरायली सेना गाजा से वापस चली जाएगी। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल नई फिलिस्तीनी पुलिस के साथ मिलकर गाजा को वहां के निवासियों और पड़ोसी देशों के लिए सुरक्षित बनाने की जिम्मेदारी संभालेगा।

व्हाइट हाउस द्वारा जारी बयान में ट्रंप ने कहा कि सात अक्टूबर को गाजा से उत्पन्न हुआ खतरा दोबारा पैदा नहीं होने दिया जाएगा और अंततः गाजा का प्रशासन नई फिलिस्तीनी सरकार के हाथों में होगा।

राष्ट्रपति ट्रंप ने गाजा संघर्ष समाप्त करने के लिए 20 सूत्रीय योजना तैयार की है, जिसे तीन चरणों में लागू किया जा रहा है।

* पहला चरणः तत्काल युद्धविराम और मानवीय राहत संबंधी उपाय।
* दूसरा चरणः निरस्त्रीकरण, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक ढांचे की स्थापना।

ब्रेकिंग न्यूज...

## कोंडागांव- कई पुल डूबे, गांवों से संपर्क कटा

**इम्पेक्ट न्यूज. कोंडागांव**

जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से मर्दापाल-कड़ेनार मार्ग के रानापाल पुल पर पानी ऊपर से बह रहा है। लखापुरी-नवागांव मार्ग का संपर्क भी टूट गया है। कोंडागांव-नारायणपुर मार्ग के जोंदरापदर पुल पर जलभराव ज्यादा है। इस मार्ग पर आवागमन प्रभावित है। वाहन चालकों को कुम्हारपारा मार्ग से जाने की सलाह दी जा रही है। बम्हनी-बयानार मार्ग पर ग्राम पंचायत चमई के पास मुख्य सड़क बारिश से कट गई है। इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। बनियागांव-सोनाबाल मार्ग के सोनाबाल पुल पर पानी भर गया है।

## कोदापाखा में छात्राओं को मिलीं साइकिलें

**इम्पेक्ट न्यूज. दुर्गूकोंदल**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोदापाखा में सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिलें बांटी गईं। कार्यक्रम स्कूल परिसर में उत्साह के माहौल में हुआ। उद्देश्य छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा देना रहा। पढ़ाई के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी रहे। अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष चेनूराम मंडावी ने की। विशिष्ट अतिथि भगवान गावड़े, मोतीराम उइके, श्यामलाल पटेल रहे। कार्यक्रम में व्याख्याता पवन नाग, डोमेश्वरी राना, विनीता वट्टी, सहायक ग्रेड-3 सजनी देहारी, कमलेश्वरी गोयल मौजूद रहीं।

## गोंडवाना समाज भवन निर्माण में पारदर्शिता पर उठे सवाल

**इम्पेक्ट न्यूज. दुर्गूकोंदल**

दुर्गूकोंदल में निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। इसी कड़ी में गोंडवाना समाज भवन के मरम्मत कार्य में भी अनियमितता और पारदर्शी व्यवस्था के अभाव का मामला सामने आया है। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आरोप लगाया है कि भवन मरम्मत का कार्य बिना सूचना बोर्ड लगाए कराया जा रहा है तथा स्वीकृत राशि की जानकारी भी सार्वजनिक नहीं की गई है।

# केशकाल गैंगरेप मामले में बड़ा फैसला

### मुख्य आरोपी को उम्रकैद, चार दोषियों को 20-20 साल का कठोर कारावास

**इम्पेक्ट न्यूज. कोंडागांव**

कोंडागांव जिले के केशकाल थाना में अगस्त 2024 में दर्ज सामूहिक दुष्कर्म मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए मुख्य आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, मामले के चार अन्य दोषियों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास का दंड दिया गया है। न्यायालय के इस निर्णय को महिलाओं के खिलाफ गंभीर अपराधों पर सख्त संदेश माना जा रहा है।

मामले की विवेचना थाना प्रभारी विकास बघेल के नेतृत्व में की गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्य, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य दस्तावेजी प्रमाण जुटाए गए। निर्धारित समय-सीमा के भीतर न्यायालय में चालान पेश किया गया, जिससे



अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में सफल रहा।

**न्यायालय के फैसले की सराहना**

फैसले के बाद स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई, निष्पक्ष विवेचना और प्रभावी अभियोजन की सराहना की। उनका कहना है कि ऐसे फैसले पीड़ितों का न्याय व्यवस्था पर विश्वास मजबूत करते हैं और अपराधियों में कानून का भय पैदा करते हैं।

**महिला अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी**

थाना प्रभारी विकास बघेल ने कहा कि महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों में पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना केशकाल पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विवेचना टीम, वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और अभियोजन पक्ष के समन्वित प्रयासों को दिया। साथ ही कहा कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में संवेदनशीलता, निष्पक्षता और तत्परता के साथ प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

## रावघाट खनन व स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का अल्टीमेटम

**कांकेर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव एवं एआईसीसी राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी के नेतृत्व में गुरुवार को कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर विभिन्न जनहित के मुद्दों पर आवेदन सौंपा। कांग्रेस ने मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। कांग्रेस द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया गया कि रावघाट क्षेत्र में खनन परियोजना के नाम पर नियमों को ताक पर रखकर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई हुई है। मामले में दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई और पर्यावरण संरक्षण के ठोस उपाय करने की मांग की गई।

आदिम जाति विकास विभाग के मर्दापोटी आश्रम में बच्चों की मलेरिया से मौत पर गहरी चिंता जताते हुए कांग्रेस ने दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की। साथ ही जिलेभर के आश्रम-छात्रवासों में गुणवत्तापूर्ण मच्छरदानी वितरण, फॉगिंग, स्वास्थ्य शिविर और दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। रावघाट लौह अयस्क परियोजना से प्रभावित 8 ग्राम पंचायतों और 37 गांवों का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस नेताओं ने मांग रखी कि परियोजना के 25 किमी दायरे के स्थानीय युवाओं को स्थायी रोजगार में प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा प्रभावित गांवों में सीएसआर और डीएमएफ मद से सड़क, अस्पताल, स्कूल और पेयजल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा की जिले में पर्यावरण संरक्षण, आदिवासी अधिकारों की रक्षा और स्थानीय युवाओं को रोजगार देना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



धमतरी में नगर निगम और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन, पानी पाउच और डिस्पोजल सामग्री जब्त की है। इस कार्रवाई के दौरान 9,000 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

## जवानों ने रोपे 430 फलदार-औषधीय पौधे



**इम्पेक्ट न्यूज. कोंडागांव**

सीआरपीएफ की 188वीं वाहिनी ने वर्षा ऋतु में व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया। कमांडेंट नीतीन्द्रनाथ के मार्गदर्शन में वाहिनी के अलग-अलग परिसरों में अधिकारियों और जवानों ने करीब 430 फलदार और औषधीय पौधे लगाए। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा। हरित आवरण बढ़ाना रहा। स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। पौधरोपण कार्यक्रम में उप कमांडेंट दीपक सिंह, उप कमांडेंट मुकेश, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चन्द्रन आरपी आदि मौजूद रहे।

## झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे, क्षेत्र में रोपाई ने पकड़ी रफ्तार

**क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। बीते दो सप्ताह से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को बड़ी राहत मिली है।**

**इम्पेक्ट न्यूज. दुर्गूकोंदल**

पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश से खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है। खरीफ सीजन की सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि, धान रोपाई, ने गति पकड़ ली है। बारिश से पूरे क्षेत्र के नदी-नाले लबालब हो गए हैं। प्राकृतिक सुंदरता भी निखर उठी है। नर्सरी में तैयार धान का थरहा अब खेतों में लगाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

क्षेत्र के किसान परदेसी राम मंडावी, प्रभुराम, रेखलाल विश्वकर्मा, धर्म मंडावी, प्रदीप कुमार, राजकुमार विश्वकर्मा, रोशनी, महावीर तथा भुनेश्वरी ने बताया कि बारिश रुकने से खेती का काम थम-सा गया था। अब पर्याप्त पानी मिलने से अगले दो-तीन दिनों में रोपाई का काम तेजी से पूरा किया जाएगा। किसानों को उम्मीद है कि यदि मानसून का मिजाज ऐसा ही रहा तो इस बार पैदावार काफी बेहतर होगी। कृषि विभाग ने भी इस बारिश को खरीफ फसलों के लिए बेहद फायदेमंद बताया है। अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी है कि मौसम के अनुकूल मिजाज का लाभ उठाते हुए समय पर धान रोपाई का कार्य पूरा करें।

## मंत्री लखनलाल ने कोपाबेड़ा शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना

**कोंडागांव।** प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने बुधवार को कोंडागांव जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान कोपाबेड़ा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में आश्रम के पहले गुरु शिवानंद महाराज को स्मरण करते हुए उनका भी पूजन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री सेवकराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री नरपति पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जसकेतु उसेंडी, दीपेश अरोरा, जितेन्द्र सुराना, कुलवंत चहल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इससे पहले उन्होंने सर्किट हॉउस में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और विभागीय अधिकारी से जिले में कृषि कार्य के प्रगति, खाद बीज की उपलब्धता, वर्षा की स्थिति एवं विभागीय योजनाओं के प्रगति के संबंध में चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**WATER RESOURCES DIVISION, DANTEWADA (C.G.)**

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(FIRST CALL)

System Tender No. 196300 / NIT No.: 03/SAC/2026-27 Dantewada, Dated: 30.07.2026

Online Tenders are invited for the following works up to 20.08.2026 at 17.30 Hours.

Name of work : Renovation of Haram Stopdam in Block Geedam, District Dantewada.

Probable Amount of Contract: - Rs. 57.85 Lakhs (Excluding G.S.T.)
(As per S.O.R Enforced from Dated 01.05.2025 and amended on dated 08.08.2025).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 06.08.2026, at 17.31 Hours. (IST) onwards.

NOTE :- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Executive Engineer
Water Resources Division
Dantewada

जी-262702462


## कांकेर में पहली बारिश में 15.50 करोड़ की नहर ढही: खेतों में घुसा पानी, 30-35 एकड़ फसल बर्बाद, किसानों के नुकसान का होगा आकलन

**इम्पेक्ट न्यूज. कांकेर**

कांकेर जिले में 15.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दुधावा डैम से सोनपुर तक की नहर लाइनिंग पहली ही बारिश में ढह गई। शामतरा के पास नहर टूटने से तेज बहाव का पानी खेतों में घुस गया, जिससे 20 से अधिक किसानों की 30 से 35 एकड़ से अधिक फसलें प्रभावित हो गईं। घटना के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

नहर टूटने से मौके पर बड़ा गड्ढा बन गया, जिससे तेज गति से पानी बहने लगा। बहाव इतना अधिक था कि



पानी तालाब की मेड़ तोड़ते हुए किसानों के खेतों तक पहुंच गया। ग्रामीणों के अनुसार, इस घटना से कई किसानों की खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं।

**ग्रामीणों ने पहले ही जताई थी आपत्ति**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नहर निर्माण के दौरान ही कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिकायत और आपत्ति भी



दर्ज कराई थी, लेकिन उनकी चिंताओं को गंभीरता से नहीं लिया गया।

**जल संसाधन विभाग ने बताई वजह**

जल संसाधन विभाग के अधिकारी धर्मेंद्र मेश्राम ने बताया कि घटना के समय दुधावा जलाशय से नहर में पानी नहीं छोड़ा गया था। विभाग का दावा है कि भारतमाला परियोजना के तहत किए गए कार्यों से आए पानी के दबाव के कारण नहर क्षतिग्रस्त हुई।

**फसलों के नुकसान का होगा आकलन**

अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में शिकायत मिलने पर संबंधित ठेकेदार को कार्य से हटा दिया गया था। अब जिन किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं, उनके नुकसान का सर्वे कर मूल्यांकन रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी, ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।


कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें,
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)
Phone & Fax 07856-252237 Email Adress - ddvsdant.cg@nic.in

क्रमांक/ 851 /डी.एम.एफ. /2026-27 दन्तेवाड़ा/दिनांक 30/07/2026

विज्ञप्ति

कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला द.ब. दन्तेवाड़ा(छ.ग.) के द्वारा डी.एम.एफ. मद अंतर्गत स्वीकृत 04 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी का संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन जारी कर अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाया गया था। निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदनों के स्क्रुटनी पश्चात् पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशन कर दावा आपत्ति हेतु प्रकाशित की जा रही है, जिसका अवलोकन जिला दन्तेवाड़ा के वेबसाइट www.dantewada.nic.in में तथा कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला द.ब. दन्तेवाड़ा के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। जिन अभ्यर्थियों को पात्र/ अपात्र में दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे दिनांक 10.08.2026 तक कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला द.ब. दन्तेवाड़ा में स्वंय उपस्थित होकर सांय 5:30 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सचिव(चयन समिति)
उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
जिला:- द.ब. दन्तेवाड़ा(छ.ग.)

जी-262702480


## असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग



**इम्पेक्ट न्यूज. कांकेर**

जिले के दुर्गकोंदल विकासखंड के बोटेचांग एवं जुनवानी गांवों के ईसाई परिवारों द्वारा की जा रही खेती-किसानी में रोक लगाने को लेकर जिला प्रशासन से शिकायत की गई। पीड़ितों ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व उन्हें परेशान कर खेती नहीं करने दे रहे हैं। पीड़ितों ने इसकी जांच कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस व जिला प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि उनके द्वारा पहले से बोई गई धान की फसल वाले खेतों में कुछ असामाजिक तत्वों ने धर्म परिवर्तन का आरोप लगाकर जबरन दोबारा बीज बो दिए। इससे गांव में अनावश्यक विवाद बढ़ रहा है। दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई, सुरक्षा, तथा उनके कृषि अधिकारों की रक्षा की मांग की गई। इस दौरान ग्रामीणों के साथ समाज के हाबिल मसीह, मोहन गोवाल, साइमन डिगबल टांडी व अन्य लोग उपस्थित थे।


कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा
(फोन / फैक्स नं. – 07856–252362, ई – मेल – eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सू. क्रं./04/DWSM/JJM/लो.स्वा.यां./2026 दन्तेवाड़ा, दिनॉक : 30/07/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यो हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यो में प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां.विभाग रायपुर के यु0एस0ओ0आर0 दिनॉक 01.06.2020 लागू होगा। निविदाएँ पूर्व मे कार्यादेशित ठेकेदारों के द्वारा कार्य पूर्ण नही कर पाने के कारण कार्य निरस्त कर पुनः शेष बचे कार्यो को पूर्ण करने हेतु पूर्व ठेकेदारों के रिस्क एण्ड काष्ट पर आधारित है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तो के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें।

कार्य का नाम :– पाईप लाईन का कार्य (Risk & Cost)

| क्रं. | एन.आई.टी./ दिनॉक एवं सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | निविदा आमंत्रण | अनुमानित लागत (लाख में | अमानत राशि (रू0 में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04/30.07.2026 196492 | छोटेलखापाल/कटेकल्याण सिंगल विलेज (रिस्क एंड कॉष्ट) | प्रथम काल | 24.34 | 18260 |
| | | कुल योग | | 24.34 | |

निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।

टीप :– निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनॉक 14.08.2026 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
दंतेवाड़ा

जी-262702491

## संपादकीय...

# ग्राम सभा की बैठकों में लोगों की घटती मौजूदगी

*अध्ययन के दौरान 26 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की लगभग 400 ग्राम पंचायतों में करीब 7,800 लोगों के बीच सर्वेक्षण हुआ। उससे सामने आया कि ग्राम सभा की बैठकों लोगों की मौजूदगी घटती चली गई है।केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की एक ताजा रिपोर्ट का सार है कि ग्रामीण इलाकों में पंचायती राज व्यवस्था नाकाम होने के कगार पर है। रिपोर्ट- राज्य/ केंद्र शासित प्रदेशों में ग्राम सभाओं में निम्न भागीदारी- शीर्षक से जारी हुई है। कहा गया है कि यह अध्ययन स्थानीय स्व-शासन पर देश के सबसे बड़े जमीनी आकलनों में से एक है। इसके तहत 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की लगभग 400 ग्राम पंचायतों में करीब 7,800 लोगों के बीच सर्वेक्षण किया गया। इससे सामने आया कि ग्राम सभा की बैठकों लोगों की मौजूदगी लगातार घटती चली गई है। आधे से ज्यादा लोगों ने कहा कि बैठकों में शामिल न होने की वजह रोजगार और कमाई से जुड़ी हैं। कामकाजी वर्ग के लिए काम-धंधा छोड़कर बैठक में आना कठिन होता है। फिर बैठकों में स्थानीय रसूखदार लोगों का ही दबदबा बना रहता है। रिपोर्ट में जिक्र है कि ग्राम सभाएं स्थानीय मुद्दों की पहचान करने में लगभग 13 प्रतिशत समय लगाती हैं, लेकिन राजस्व बढ़ाने के उपायों पर केवल चार फीसदी समय खर्च करती हैं। चूंकि केंद्रीय अनुदान से मिलने वाला पैसा काफी हद तक पहले से तय केंद्रीय प्राथमिकताओं (जैसे जल जीवन मिशन) से जुड़ा होता है, इसलिए स्थानीय जरूरतों के मुताबिक योजना पर अमल लगभग नामुमकिन ही बना रहता है। इस रूप में पंचायती राज संस्थाएं केंद्र और राज्य सरकारों की एजेंसी बन कर रह गई हैं। जबकि 73वें और 74वें संविधान में परिकल्पना उन्हें शासन के तीसरे स्तर के रूप में स्थापित करने की गई थी।*

*वैसे, यह आरंभ में ही स्पष्ट हो गया था कि पंचायती संस्थाओं के लिए वित्त आयोग से तय अपना बजट और अपनी नौकरशाही नहीं होगी, तो उनका यही हाल होगा। फिर भी इस ओर कोई पहल नहीं हुई। इस सिलसिले में अक्सर उल्लेख होता है कि अमेरिका जैसी पूंजीवादी और चीन जैसी समाजवादी व्यवस्थाओं में एकमात्र समानता शासन का कारगर विकेंद्रीकरण है। दोनों जगहों पर इस नीति के सकारात्मक परिणाम जग-जाहिर हैं। मगर भारत में केंद्र हो या राज्य, अपने अधिकार क्षेत्र में कटौती के लिए तैयार नहीं हैं। नतीजा, ताजा रिपोर्ट में शामिल विलाप है।*

# भारत विरोधी रुख

ईयूरोपियन यूनियन और पाकिस्तान के साझा बयान में भारत के नजरिए से कई आपत्तिजनक बातें हैं। यूक्रेन युद्ध के साथ कश्मीर का उल्लेख और कश्मीर को अनसुलझा मुद्दा बताना स्पष्टतः भारत विरोधी रुख है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पिछले हफ्ते हुई चीन यात्रा के समय जारी साझा बयान में जम्मू-कश्मीर का जिक्र हुआ। चीन ने जम्मू-कश्मीर को इतिहास से जन्मा विवाद कहा। दोनों पक्षों ने इस मुद्दे के शांतिपूर्ण और उचित समाधान की बात कही। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों, द्विपक्षीय समझौतों, और संबंधित पक्षों की आकांक्षाओं के अनुरूप होना चाहिए। स्पष्टतः यह भारत विरोधी बयान था। उचित ही भारत सरकार ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई और कश्मीर संबंधी उन टिप्पणियों को सिरे से ठुकरा दिया।

बहरहाल, अब यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने पाकिस्तान के साथ अपने साझा बयान में जो कहा है, वह चीन की टिप्पणियों से भी आगे जाता मालूम पड़ा है। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काया काल्लास की इस्लामाबाद यात्रा के समय जारी वक्तव्य में कहा गया- 'पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर मुद्दे की जानकारी दी। ईयू ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध की जानकारी दी। दोनों पक्षों ने इन टकरावों का संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के अनुरूप बातचीत एवं कूटनीति से शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया।' स्पष्टतः इस कथन में कई आपत्तिजनक बातें हैं। यूक्रेन युद्ध के साथ कश्मीर का उल्लेख और कश्मीर को अनसुलझा मुद्दा बताना सीधे तौर पर भारत विरोधी रुख है। यहां तक कि चीन ने भी भारत- पाकिस्तान के द्विपक्षीय समझौतों का उल्लेख किया था, जबकि ईयू ने उनकी भी अनदेखी कर दी है।

एक अलग टिप्पणी में काल्लास ने पाकिस्तान को महत्त्वपूर्ण क्षेत्रीय शक्ति बताया। पिछले कई दशकों से भारतीय विदेश नीति का एक प्रमुख उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के संरक्षक पाकिस्तान को अलग-थलग करना रहा है। 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस दिशा में कई अहम कामयाबियां भी मिली थीं। मगर अब पाकिस्तान को क्यों अहमियत एवं अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता मिल रही है, यह कठिन प्रश्न हमारे सामने है। चीन और 57 सदस्यों वाले इस्लामिक सहयोग संगठन का हाथ तो हमेशा पाकिस्तान की पीठ पर रहा है, मगर ईयू और अमेरिका के डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने भी उसे अहमियत दें, तो क्या इसे भारतीय विदेश नीति की कमजोरी के रूप में नहीं देखा जाएगा? यूरोपियन यूनियन और पाकिस्तान के साझा बयान में भारत के नजरिए से कई आपत्तिजनक बातें हैं। यूक्रेन युद्ध के साथ कश्मीर का उल्लेख और कश्मीर को अनसुलझा मुद्दा बताना स्पष्टतः भारत विरोधी रुख है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पिछले हफ्ते हुई चीन यात्रा के समय जारी साझा बयान में जम्मू-कश्मीर का जिक्र हुआ।

## डॉयलॉग बॉक्स

**जीवन एक सुंदर यात्रा है**
**इसे मुस्कुराकर जीना सीखो...**

## संवाद

**आम पाठकों के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से अभिव्यक्ति का पन्ना आरक्षित है। आपकी पाती, समसमायिक घटनाओं पर विचार, लेख, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मसलों पर सुधि पाठकों का नजरिया पेश करने के लिए इसे रखा गया है।**

*लेखक केवल महानगरों नहीं बसते हैं। बस्तर भूमि में भी माटी से जुड़े विद्वानों की कमी नहीं है। हम चाहते हैं सभी को इस पन्ने में स्थान मिले और विचारों का आदान-प्रदान हो। यह संवाद आम पाठक और अखबार के बीच कायम रहे। विचारों से बस्तर में बदलाव आए, इन्हीं कामनाओं के साथ अभिव्यक्ति का यह अंक...*

*-संपादक*

**हमारा पता : संपादक**
दैनिक बस्तर इम्पेक्ट, सिटी आफिस -
एच-163/A, मां दंतेश्वरी नगर, आवराभाटा दंतेवाड़ा, पिन -494449
फोन नंबर : 07856-252024
email - editor@bastarimpact.0rg

# कृषि यांत्रिकीकरण पर सब-मिशन : कृषि मशीनीकरण के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि

**श्रीमती अनुप्रिया पटेल**

**कृषि यांत्रिकीकरण पर सब-मिशन (एसएमएएम) के माध्यम से पूरे देश में कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों, महिला किसानों तथा सामाजिक रूप से वंचित वर्गों की आधुनिक कृषि मशीनों तक पहुंच सुनिश्चित हो रही है। कृषि मशीनीकरण में क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए विशेषकर पूर्वोत्तर राज्यों के साथ उन राज्यों एवं क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहां कृषि यंत्रों का उपयोग अपेक्षाकृत कम है।**

योजना के शुरू होने से अब तक 9,404.47 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के माध्यम से देशभर के किसानों को 21.61 लाख कृषि मशीनें उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। इसके अलावा, 52.5 करोड़ रुपये की सहायता से 40,918 हेक्टेयर क्षेत्र में 40,928 से अधिक ड्रोन प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं। इन प्रदर्शनों ने किसानों के बीच आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**कृषि यांत्रिकीकरण के माध्यम से खेती को सुदृढ़ बनाना**

भारत में कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मशीनीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अंतर्गत फसल उत्पादन के पूरे चक्र में विभिन्न कृषि कार्यों के लिए मशीनों, उपकरणों और आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है। इनमें भूमि की तैयारी, बुआई, सिंचाई, फसल संरक्षण, कटाई एवं कटाई के बाद के प्रबंधन जैसे सभी प्रमुख कार्य शामिल हैं। कृषि मशीनीकरण से मानव और पशु श्रम पर निर्भरता कम होती है, जिससे कृषि कार्य समय पर, अधिक दक्षता व सटीकता के साथ पूरे किए जा सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप उत्पादन लागत घटती है, श्रम उत्पादकता बढ़ती है, कृषि कार्यों की गुणवत्ता में सुधार होता है तथा किसानों की आय और खेती की समग्र उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलती है।

भारत में कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में कृषि यांत्रिकीकरण पर सब-मिशन (एसएमएएम) शुरू किया गया। यह राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत केंद्र प्रायोजित एक प्रमुख पहल है। इसका उद्देश्य आधुनिक कृषि मशीनों एवं उपकरणों का लाभ उन किसानों और क्षेत्रों तक पहुंचाना है, जहां कृषि मशीनीकरण का स्तर अभी भी अपेक्षाकृत कम है। इस योजना का विशेष ध्यान छोटे और सीमांत किसानों, महिला किसानों, अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) के किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) तथा ग्रामीण उद्यमियों पर है। यह योजना कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) की स्थापना को बढ़ावा देती है। ये ऐसे केंद्र हैं, जहां कृषि मशीनें, औजार और उपकरण उपलब्ध होते हैं, जिन्हें किसान किराए पर ले सकते हैं। यह योजना उच्च-प्रौद्योगिकी और महंगे कृषि उपकरणों के लिए हब स्थापित करने तथा कृषि मशीनरी के वितरण में भी सहायता प्रदान करती है। इसके तहत प्रदर्शन और क्षमता निर्माण संबंधी पहलों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाई जाती है। उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जहां कृषि मशीनीकरण का स्तर और कृषि शक्ति अपेक्षाकृत कम है। साथ ही, कस्टम हायरिंग सेंटरों के माध्यम से सस्ती किराया सेवाएं उपलब्ध कराकर छोटे जोत आकार और अधिक लागत जैसी चुनौतियों का समाधान किया जाता है। इसके अलावा, कृषि मशीनीकरण पर सब-मिशन के तहत कृषि मशीनरी के प्रदर्शन परीक्षण और प्रमाणन को भी सहायता प्रदान की जाती है। इससे जुड़े हितधारकों के बीच इनका उपयोग बढ़ाने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियां भी संचालित की जाती हैं।

वर्ष 2007 में शुरू की गई राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य राज्यों को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सार्वजनिक निवेश बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह योजना राज्यों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें लागू करने की पर्याप्त स्वतंत्रता और अधिकार प्रदान करती है। इसके अंतर्गत फसल उत्पादन, बुनियादी ढांचे का विकास, कृषि मशीनीकरण तथा मूल्य संवर्धन जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। वर्ष 2017-18 में इस योजना का पुनर्गठन कर इसे आरकेवीवाई-रफ्तार (कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए लाभकारी दृष्टिकोण) के रूप में लागू किया गया, जिसमें फसल-पूर्व और फसलोपरांत बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया।

**खेती की उत्पादकता बढ़ाने के लिए एसएमएएम के रणनीतिक स्तंभ**

कृषि यांत्रिकीकरण पर सब-मिशन (एसएमएएम) को आधुनिक कृषि उपकरणों तक पहुंच बेहतर बनाकर, श्रम की आवश्यकता कम करके और खेती की उत्पादकता बढ़ाकर समावेशी तथा कुशल कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

प्रशिक्षण, परीक्षण, प्रदर्शन व फसल कटाई के बाद के कामों में मशीनीकरण को बढ़ावा देना– आधुनिक कृषि तकनीकों तक पहुंच बढ़ाकर कृषि उत्पादकता और कार्यकुशलता में वृद्धि करता है। साथ ही, कृषि मशीनीकरण को प्रोत्साहित करते हुए फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण, भंडारण, मूल्य संवर्धन तथा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करता है।

खेती-बाड़ी के यंत्रों और उपकरणों की खरीद के लिए आर्थिक मदद– यह योजना प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से कृषि मशीनों के व्यक्तिगत स्वामित्व के लिए सब्सिडी प्रदान करती है। इसके तहत सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को कृषि मशीन की लागत का 40 प्रतिशत व अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, छोटे और सीमांत किसानों तथा पूर्वोत्तर राज्यों के लाभार्थियों को 50 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसके अलावा, छोटे एवं सीमांत किसानों को कस्टम हायरिंग सेंटर, स्वयं सहायता समूह और किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से ड्रोन सहित मशीनीकृत कृषि सेवाओं के उपयोग के लिए प्रति हेक्टेयर 2,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। किराये पर मशीनें देने के लिए फार्म मशीनरी बैंक (एफएमबी) बनाना– यह योजना एसएचजी, एफपीओ और स्थानीय संस्थाओं को कृषि मशीनें खरीदने के लिए 80 से 90 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता प्रदान कर कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देती है। सीएचसी की स्थापना के लिए 250 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर कुल लागत का 40 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जबकि एफएमबी की स्थापना के लिए 30 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर 80 प्रतिशत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। हाई-टेक और ज्यादा उत्पादकता वाले इक्विपमेंट हब बनाना– कार्यकुशलता बढ़ाने तथा महंगी और उन्नत कृषि मशीनों तक किसानों की पहुंच आसान बनाने के लिए फसल-विशिष्ट कार्यों हेतु उन्नत एवं उच्च क्षमता वाली कृषि मशीनरी से सुसज्जित केंद्रों की स्थापना करना सुनिश्चित किया गया है।

पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देना– पूर्वोत्तर राज्यों की क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष सहायता प्रदान की जाती है। इसके तहत लघु कृषि मशीनों पर 100 प्रतिशत तक की सब्सिडी तथा फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना के लिए 95 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

**खेती में मशीनीकरण को बढ़ावा– एसएमएएम की वित्तीय रीढ़**

एसएमएएम के तहत वर्ष 2014-15 से 2025-26 तक 9,404.47 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता से देशभर के किसानों को 21.61 लाख कृषि मशीनें उपलब्ध कराई गईं। इसके अलावा, योजना के अंतर्गत 27,554 कस्टम हायरिंग सेंटर, 646 हाई-टेक हब तथा 25,608 फार्म मशीनरी बैंक स्थापित करने में सहायता प्रदान की गई। योजना के तहत कृषि मशीनों के व्यक्तिगत स्वामित्व वाले लाभार्थियों की संख्या वर्ष 2020-21 में 2.07 लाख से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 2.32 लाख हो गई, जो कृषि मशीनीकरण के विस्तार और योजना की बढ़ती पहुंच को दर्शाती है। यह योजना केंद्र और राज्य सरकारों के बीच लागत-साझाकरण की व्यवस्था पर आधारित है। अधिकांश राज्यों के लिए केंद्र और राज्य के बीच वित्तीय भागीदारी का अनुपात 60–40 है, जबकि पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों के लिए यह 90–10 निर्धारित किया गया है। केंद्र शासित प्रदेशों को 100 प्रतिशत केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है। वित्तपोषण की यह व्यवस्था विभिन्न क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कृषि यांत्रिकीकरण को व्यापक स्तर पर अपनाने में सहायक है।

**नवाचार को बढ़ावा : एसएमएएम के माध्यम से ड्रोन आधारित कृषि का बड़े पैमाने पर विस्तार**

कृषि यांत्रिकीकरण पर सब-मिशन (एसएमएएम) के तहत खेती-बाड़ी कार्यों में ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत 52.50 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने देशभर में व्यापक स्तर पर फील्ड प्रदर्शन आयोजित कर कृषि में ड्रोन के उपयोग को प्रोत्साहित किया है।

वर्ष 2023-24 से 2025-26 के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने राज्य कृषि विश्वविद्यालयों व कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के सहयोग से 40,918 हेक्टेयर क्षेत्र में %किसान ड्रोन% के 40,928 प्रदर्शन आयोजित किए। इन प्रदर्शनों में निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार पोषक तत्वों, उर्वरकों एवं कृषि-रसायनों (एग्रो-केमिकल्स) के छिड़काव पर विशेष ध्यान दिया गया।

# पीछे न हटने का उनका पक्का इरादा

**अशोक प्रवृद्ध**

जिस प्रधानमंत्री मोदी ने सोनम वांगचुक को अपने जिस राजनीतिक स्वार्थ के लिए सिर आंखों पर बिठाया था, आज उसी वांगचुक के खिलाफ भाजपा बदनामी की मुहिम चला रही है। 'नीट' परीक्षा के पेपर लीक मामले के विरोध में और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सोनम वांगचुक भूख हड़ताल पर बैठे हैं। 20 दिन बीत जाने के बाद भी उनकी भूख हड़ताल जारी है। किसी भी हाल में पीछे न हटने का उनका पक्का इरादा है, जिद है। देश के लिए बलिदान देने के जज्बे के साथ ही वांगचुक 'जंतर-मंतर' के मैदान में उतरे हैं। वांगचुक के इस आंदोलन ने सरकार को दुविधा में डाल दिया है, लेकिन मोदी का अहंकार धर्मेंद्र प्रधान को बचा रहा है। जब यह समझ आ गया कि वांगचुक झुकनेवाले नहीं हैं तो भाजपा ने उनके खिलाफ कीचड़ उछालना शुरू कर दिया। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, 'कौन वांगचुक? वह आम आदमी गैंग के सदस्य हैं।

भारत के विकास में वांगचुक रोड़े अटका रहे हैं। जनता उन्हें सबक सिखाएगी।' अब ये सब बातें कह कौन रहा है? मनोज तिवारी! भोजपुरी फिल्मों में अश्लील और फूहड़ गानों पर नाचनेवाला यह इंसान ऐसी बातें कर रहा है और भाजपा की तरफ से मनोज तिवारी को रोका तक नहीं जा रहा। ये वे लोग हैं, जो राम मंदिर में हुई चोरी का भी बचाव करते हैं। इनसे भला और क्या उम्मीद की जा सकती है? 'मंदिर की दानपेटी का पैसा हिंदुओं ने ही तो चुराया है, तो फिर किसी के पेट में दर्द क्यों होना चाहिए?', ऐसा कुतर्क देनेवाले लोग आज सोनम वांगचुक के खिलाफ बोल रहे हैं। 'नीट' परीक्षा के पेपर लीक होने से देश के लाखों छात्र डिप्रेशन में चले गए। 20-25 छात्रों ने आत्महत्या कर ली, लेकिन मोदी राज में इंसानी जान की कोई कीमत नहीं बची है इसलिए छात्र मरते हों तो मरें, किसान मरते हों तो मरें, पुलवामा में भारतीय सैनिक मरते हों तो मरें, कश्मीर में सैलानी मरते हों तो मरें इन लोगों को जनता की मौत से कोई सरोकार नहीं है।

यही वजह है कि 20वें दिन के कड़े उपवास से पूरी तरह जर्जर हो चुके वांगचुक को लेकर भाजपा की संवेदनाएं मर चुकी हैं। वांगचुक के साथ नेहा नाम की एक छात्रा भी पिछले 20 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठी है। डॉक्टरों को चिंता है कि अगर उसका उपवास एक दिन भी आगे बढ़ा, तो उसकी जान जा सकती है। लेकिन क्या ऐसी कोई चिंता प्रधानमंत्री मोदी को है? मोदी का यह बर्ताव असल में बुरी सोहबत का नतीजा है। गाजा पट्टी में 50 हजार मासूम बच्चों का कत्लेआम करनेवाले नेतन्याहू और ईरान के स्कूल पर बम गिराकर 200 बच्चों की जान लेने वाले राष्ट्रपति ट्रंप जैसे हुक्मरान प्रधानमंत्री मोदी के आदर्श हैं। मोदी उन्हें गले लगाते हैं। इसलिए वांगचुक के आंदोलन को लेकर मोदी के दिल में कोई तड़प होगी, ऐसा सोचना ही फिजूल है। लेकिन क्या मोदी मंत्रिमंडल के बाकी लोग भी इतने बेरहम और बुजदिल हो चुके हैं? अमानुष और नामर्द हो चुके हैं? यही लोग अन्ना हजारे के अनशन के वक्त दिल्ली की सड़कों पर समर्थन में रैलियां निकाल रहे थे। क्या मोदी मंत्रिमंडल में एक भी मर्द 'माई का लाल' ऐसा पैदा नहीं हुआ, जो वांगचुक के समर्थन में अपने मंत्री पद का इस्तीफा फेंक कर 'जंतर-मंतर' पर आ सके? खुद मोदी तो 'मेलोडी' चॉकलेट का डिब्बा लेकर इटली की खूबसूरत प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मिलने चले जाते हैं, लेकिन अपने घर से महज चंद कदमों की दूरी पर बैठे वांगचुक के लिए पानी का एक गिलास तक ले जाने को तैयार नहीं हैं। यह सरासर बेरहमी है, घमंड है। यही घमंड रावण, दुर्योधन, हिटलर और ईदी अमीन का भी था; सिकंदर और नेपोलियन का भी था। आखिर में घमंड मिट्टी में ही मिल गया। औरंगजेब का अहंकार भी इसी मिट्टी में दफन हो गया। इसलिए वांगचुक के आंदोलन के बहाने भाजपा का जो अहंकार आज उफान मार रहा है, उसका भी खात्मा तय है। भाजपा वाले कह रहे हैं कि वांगचुक आम आदमी पार्टी गैंग के सदस्य हैं। जब इसी आम आदमी पार्टी ने 'रामलीला' मैदान पर अन्ना हजारे का अनशन ग्यारह दिनों तक चलाया था, तब केजरीवाल की चमचागीरी में भाजपा भी पीछे नहीं थी। यह पूरे देश ने देखा है। उस लिहाज से देखा जाए तो भाजपा भी तब आम आदमी पार्टी गैंग की ही सदस्य थी! आम आदमी पार्टी का मतलब 'अल-कायदा' नहीं है। वांगचुक ने जब से लद्दाख में घुसपैठ कर चुकी चीनी सेना का मुद्दा उठाया है, तब से वह भाजपा की नजरों में देशद्रोही हो गए हैं।

## जीवन दर्शन

### ब्रह्मांड रचयिता

नवरात्र-पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की ही उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन 'अदाहत' चक्र में अवस्थित होता है। अतः इस दिन उसे अत्यंत पवित्र और अचंचल मन से कूष्मांडा देवी के स्वरूप को ध्यान में रखकर पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिए। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, तब इन्हीं देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। अतः ये ही सृष्टि की आदि-स्वरूपा, आदिशक्ति हैं। इनका निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में है। वहां निवास कर सकने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। इनके शरीर की कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही दैदीप्यमान हैं। इनके तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। मां की आठ भुजाएं हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है। मां कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक मिट जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। मां कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से प्रसन्न होने वाली हैं। यदि मनुष्य सच्चे हृदय से इनका शरणागत बन जाए तो फिर उसे अत्यन्त सुगमता से परम पद की प्राप्ति हो सकती है।

# राम को समझो, कृष्ण को जानो

**हरिशंकर व्यास**

मैंने वह समय देखा है जब चौधरी चरण सिंह ने 'असली भारत' की बात करते हुए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। फिर वह भी समय जब हिंदू भारत की हवाबाजी में नरेंद्र मोदी ने शपथ ली। दोनों समय का कुल परिणाम क्या? मोटामोटी राम-राम सा बोलने वाले आम हिंदुओं से धोखा। कथित असली भारत का किसान आज भी बेचारा है। वही राम के नाम पर संघ, भाजपा और नरेंद्र मोदी को जिताने वाला हिंदू अपने धर्म की ऐसी-तैसी होते देख रहा है! बिचारें 1990 की राम रथ यात्रा से 2026 में राम मंदिर के कुल 36 साला इतिहास पर? गांव-गांव से शिला-चंदा एकत्र करने से ट्रस्टियों की चढ़ावा चोरी के कथित सांस्कृतिक पुनर्जागरण वाले मौजूदा हिंदू राष्ट्रवाद पर? इतिहास में गजनवी मंदिरों को लूटने के लिए बार-बार भारत आता था। वही हिंदुस्तान अब बतौर हिंदू राष्ट्र मंदिरों को लूटने यानी चढ़ावा खाने की आधुनिक व्यवस्थाएं लिए हुए है। क्या मैं गलत हूं? क्या यह विचित्र हिंदू भारत नहीं है? वह भारत जिसमें संवेदना, शर्म, जिम्मेदारी, उत्तरदायित्व कोई नहीं है। सभी आंख-नाक-कान बंद किए ठूंठ भाव, ठूंठ हिंदू राष्ट्र बना बैठे हैं। मैंने गुरुवार को एक टीवी चैनल पर विरोधी नेता अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता अजय राय की आलोचनाओं, विरोध के जवाब में भगवाधारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कहे वाक्य सुने। पहली बात, उनके चेहरे पर रत्ती भर शर्म, ग्लानि, खेद नहीं था। उन्होंने प्रभु राम की मर्यादा के हवाले कहा, हमने मर्यादा का पालन किया! ये लोग (अखिलेश, कांग्रेस) लाठी-गोली चलाते थे। इनके दोगले चरित्र को देखोज वे लोग कह रहे हैं कि अयोध्या में राम भक्तों का अपमान हो गया। क्या तब अपमान नहीं हो रहा था?.. ये लोग नहीं चाहेंगे कि अयोध्या का नाम हो!

पता नहीं आदित्यनाथ ने गोरख परंपरा में योगी, पीठाधीश्वर/संरक्षक, महंत, संत के कर्तव्य, भूमिका को पढ़ा है या नहीं? इसमें लिखा है कि देवस्थान की रक्षा, दान-संपत्ति का संरक्षण, मठ की प्रतिष्ठा की रक्षा नाथ परंपरा का परम धर्म है। और ध्यान रहे, बतौर मुख्यमंत्री भी आदित्यनाथ का जिम्मा अलग है। उस नाते उनकी नाक के नीचे भक्तों द्वारा दिए गए दान और मंदिर की आय का उपयोग धर्मार्थ व संस्थागत उद्देश्यों के लिए होना था या चोरी का माल बनना था? क्यों तब वे जांच, एसआईटी की बात कर रहे हैं? जब अपने राज की परंपरा में उन्होने सीधे एनकाउंटर, बुलडोजर का रामराज्य बनाया है तो चंपत राय, अनिल मिश्रा, गोपाल राव, ट्रस्ट पदाधिकारियों के लिए एसआईटी क्यों, उनके सीधे एनकाउंटर का उनका बनाया राजधर्म कहां गया?

ईमानदारी से सोचें, अयोध्या में संघ के स्वयंसेवकों के ट्रस्ट की देखरेख में चढ़ावे की चोरी से भयावह राम के नाम की बदनामी दूसरी क्या है? बाबर ने तो मंदिर ढहाया था, चंपत राय एंड पार्टी ने हिंदू की उस आस्था, गर्व पर बुलडोजर चलाया है, जिसमें राम के जन्मस्थान मंदिर में, कथित हिंदू राष्ट्र के कथित रामराज्य में चढ़ावे की चोरी का एक अकल्पनीय अपराध हुआ है। इसलिए सवाल है, गोरख संप्रदाय के एक महंत के मुख्यमंत्रीकाल में, आरएसएस के प्रचारकों के ट्रस्ट की व्यवस्थाओं में चोरी की यह बदनामी किस भारत का प्रतीक है? मेरा मानना है कि कबीरदास का यह दोहा आज के हिंदू भारत के इस नए अर्थ का वाहक है: राम नाम की लूट है, लूट सके तो लूट। अंत काल पछताएगा, प्राण जाएंगे छूट। अर्थात राम नाम से हिंदुओं को उल्लू बनाकर मोतियों का खजाना पाया है तो शर्म छोड़ो, संवेदनशीलता, शालीनता, मर्यादा, बुद्धि, सत्य सभी त्यागो और जितना हो सके हिंदुओं की आस्था, भरोसे को लूटो। सत्ता के इस अमूल्य अवसर को छोड़ो नहीं। क्योंकि समय खत्म होगा तो पछतावे के अलावा कुछ नहीं होगा।

तभी हिंदुओं के कलियुग का यह वह मौजूदा हिंदू भारत है, जिसे दो-ढाई हजार साल के ज्ञात भारत इतिहास में खोजें तो मालूम होगा कि हिंदुओं के साथ ऐसा तो पहले कभी नहीं हुआ। दूसरे धर्मों ने जरूर उसे लूटा, पर हिंदू हमेशा अपने धर्म के सनातन सदाचार में जीता रहा। न कभी उसकी मार्केटिंग की, न उसे बेचा, न पंडितों में मंदिर के लिए दान, चढ़ावे को संगठित रूप से लूटने की धोखाधड़ी हुई। न ही आस्था-विश्वास से धोखा कर राजनीति और सत्ता पाने का इतिहास रचा। तभी आज चढ़ावा खाने-खिलाने का दानखोर नया भारत है तो दूसरी तरफ हमेशा की तरह वह सनातनी भारत भी है, जो गुजरे जमाने के इस गाने को याद कराता है, 'राम का नाम बदनाम न करो। राम को समझो, कृष्ण को जानो। राम ने हंसकर सब सुख त्यागे, कृष्ण ने कर्म की रीत सिखाईज तुमने फ़र्ज़ से आंख चुराईज राम का नाम बदनाम न करो। नींद से जागो ओ मस्तानों। राम को समझो, कृष्ण को जानो '। मैंने वह समय देखा है जब चौधरी चरण सिंह ने 'असली भारत' की बात करते हुए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। फिर वह भी समय जब हिंदू भारत की हवाबाजी में नरेंद्र मोदी ने शपथ ली। दोनों समय का कुल परिणाम क्या? मोटामोटी राम-राम सा बोलने वाले आम हिंदुओं से धोखा। कथित असली भारत का किसान आज भी बेचारा है। वही राम के नाम पर संघ, भाजपा और नरेंद्र मोदी को जिताने वाला हिंदू अपने धर्म की ऐसी-तैसी होते देख रहा है! बिचारें 1990 की राम रथ यात्रा से 2026 में राम मंदिर के कुल 36 साला इतिहास पर? गांव-गांव से शिला-चंदा एकत्र करने से ट्रस्टियों की चढ़ावा चोरी के कथित सांस्कृतिक पुनर्जागरण वाले मौजूदा हिंदू राष्ट्रवाद पर? इतिहास में गजनवी मंदिरों को लूटने के लिए बार-बार भारत आता था। वही हिंदुस्तान अब बतौर हिंदू राष्ट्र मंदिरों को लूटने यानी चढ़ावा खाने की आधुनिक व्यवस्थाएं लिए हुए है।

क्या मैं गलत हूं? क्या यह विचित्र हिंदू भारत नहीं है? वह भारत जिसमें संवेदना, शर्म, जिम्मेदारी, उत्तरदायित्व कोई नहीं है। सभी आंख-नाक-कान बंद किए ठूंठ भाव, ठूंठ हिंदू राष्ट्र बना बैठे हैं। मैंने गुरुवार को एक टीवी चैनल पर विरोधी नेता अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता अजय राय की आलोचनाओं, विरोध के जवाब में भगवाधारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कहे वाक्य सुने। पहली बात, उनके चेहरे पर रत्ती भर शर्म, ग्लानि, खेद नहीं था। उन्होंने प्रभु राम की मर्यादा के हवाले कहा, हमने मर्यादा का पालन किया! ये लोग (अखिलेश, कांग्रेस) लाठी-गोली चलाते थे।

न्यूज आस-पास...

## डॉ. रमन सिंह श्रमिक सम्मेलन में होंगे शामिल

**इम्पेक्ट न्यूज. राजनादगांव**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव प्रवास के दौरान 31 जुलाई 2026 को सुबह 11.30 बजे पद्मगोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित श्रमिक सम्मेलन में शामिल होंगे। कार्यक्रम में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 1802 हितग्राहियों को 3 करोड़ 43 लाख 74 हजार 970 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह एवं छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा उपस्थित रहेंगे।

## खुले में फेंके मिले 6 हजार एक्सपायरी बिस्किट पैकेट

**इम्पेक्ट न्यूज. बालोद**

जिले के चिखलाकसा क्षेत्र में बड़ी मात्रा में एक्सपायरी हो चुके बिस्किट के पैकेट खुले में फेंके जाने का मामला सामने आया है। प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय के पास बरसाटोला रोड किनारे करीब 6,000 एक्सपायरी बिस्किट पैकेट मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। इस घटना ने खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, मौके पर करीब 500 बिस्किट के पुड़े मिले, जिनमें प्रत्येक पुड़े में लगभग 12 पैकेट थे। इस हिसाब से करीब 6 हजार पैकेट खुले में फेंके गए हैं। ये बिस्किट जुबिलो और मोई-मोई कंपनी के बताए जा रहे हैं, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 30 हजार रुपये है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कई पैकेट पूरी तरह सीलबंद थे। कुछ पैकेट खोलकर देखने पर उन पर 6 फरवरी 2026, 19 फरवरी 2026 और 10 मई 2026 की एक्सपायरी डेट अंकित मिली। खुले में पड़े इन बिस्किटों को गाय और कुत्ते खाते भी दिखाई दिए, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ने वाले संभावित दुष्प्रभाव को लेकर लोगों ने चिंता जताई।

मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों ने खाद्य विभाग से पूरे स्टॉक को तत्काल जब्त करने और जिम्मेदार व्यक्ति या संस्था की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## मुख्य गवाह को मिली जान से मारने की धमकी

**इम्पेक्ट न्यूज. कोरबा**

जनपद सदस्य अक्षय गर्ग हत्याकांड में एक नया और गंभीर मोड़ सामने आया है। मामले के मुख्य गवाह को जान से मारने की धमकी देने और न्यायालय में बयान बदलने का दबाव बनाने का आरोप सामने आने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से गवाहों और उनके परिजनों में भय का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, पसान थाना क्षेत्र के लोकाड़ा निवासी और हत्याकांड के मुख्य गवाह कमलेश टीकम ने कटघोरा पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर पहुंचा और उन्हें तथा उनके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। आरोपी ने कथित तौर पर अदालत में बयान बदलने और आरोपियों के पक्ष में गवाही देने का दबाव भी बनाया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कटघोरा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 332(1) और 351 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# मॉर्निंग वॉक कर रही और फूल तोड़ रही बुजुर्ग महिलाओं को बनाया चैन स्नेचिंग का निशाना

**14 मिनट के भीतर भिलाई में दो चेन स्नेचिंग**

**इम्पेक्ट न्यूज. भिलाई**

भिलाई शहर में शुक्रवार सुबह महज 14 मिनट के भीतर दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई चेन स्नेचिंग की वारदातों ने लोगों में दहशत फैला दी। बदमाशों ने सुबह के समय घर के बाहर अकेली मौजूद बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाते हुए उनके गले से सोने की चेन लूट ली। पुलिस को आशंका है कि दोनों घटनाओं के पीछे किसी संगठित गिरोह का हाथ हो सकता है। दोनों मामलों की जांच तेज कर दी गई है।

**पहली वारदात - एक्टिवा सवार युवकों ने टहल रही महिला से छीनी चेन :** पहली घटना सुपेला थाना क्षेत्र के प्रियदर्शनी परिसर स्थित भाजपा कार्यालय के पास सुबह करीब 6:25 बजे हुई। एक बुजुर्ग महिला अपने घर के सामने मॉर्निंग वॉक कर रही थीं। इसी दौरान एक्टिवा पर सवार दो युवक वहां पहुंचे। वाहन चला रहा आरोपी हेलमेट पहने था, जबकि पीछे बैठा युवक चेहरे पर नकाब लगाए हुए था। पीछे बैठे आरोपी ने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली और दोनों मौके से फरार हो गए। वारदात के दौरान चेन का एक हिस्सा टूटकर सड़क पर गिर गया, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि चेन करीब तीन तोले की थी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों के हाथ चेन का कितना हिस्सा लगा।



**दूसरी वारदात - मिर्च पाउडर फेंककर महिला ने छीनी चेन :** दूसरी घटना भट्टी थाना क्षेत्र के सेक्टर-1, सड़क नंबर-2 के पास सुबह करीब 6:11 बजे हुई। यहां एक बुजुर्ग महिला अपने घर के बाहर फूल तोड़ रही थीं। तभी करीब 45 से 50 वर्ष की एक महिला उनके पास पहुंची और अचानक उनके चेहरे पर मिर्च पाउडर फेंक दिया। बुजुर्ग महिला के घबराते ही आरोपी महिला ने उनके गले से सोने की चेन खींच ली और पास में बाइक लेकर खड़े अपने साथी के साथ फरार हो गई।

दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही दुर्ग रेंज के डीआईजी विजय अग्रवाल, भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, सुपेला थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह तथा क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने पीड़ित महिलाओं से पूछताछ की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

**संगठित गिरोह की आशंका :** पुलिस के अनुसार दोनों वारदातों में बदमाशों ने सुबह के समय अकेली बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाया। एक घटना में बाइक सवार दो युवकों ने चेन छीनी, जबकि दूसरी घटना में एक महिला ने मिर्च पाउडर का इस्तेमाल कर वारदात को अंजाम दिया। समान परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस दोनों मामलों के बीच संबंध तलाश रही है और इस एंगल से भी जांच कर रही है कि कहीं यह किसी संगठित चेन स्नेचर गिरोह की करतूत तो नहीं।

पुलिस ने नागरिकों, विशेषकर सुबह टहलने या घर के बाहर अकेले निकलने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया है।

## एसआईटी जांच में सट्टेबाजी और 16 लाख के कर्ज का खुलासा

**रायपुर सामूहिक मौत कांड**

**इम्पेक्ट न्यूज. रायपुर**

राजधानी रायपुर के संजय नगर में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत के मामले में गठित एसआईटी की जांच में कई अहम तथ्य सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच के अनुसार, मृतक साजिद अली कथित रूप से ऑनलाइन सट्टेबाजी के कारण भारी कर्ज में डूबा हुआ था और कर्जदाताओं के दबाव से परेशान था। पुलिस इस मामले में आर्थिक, पारिवारिक और अन्य सभी पहलुओं से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, जांच में सामने आया है कि साजिद अली ने सट्टेबाजी में हुए नुकसान की भरपाई के लिए बाजार से ऊंची ब्याज दर पर करीब 16 लाख रुपये उधार लिए थे। कर्ज नहीं चुका पाने के कारण लेनदार लगातार उस पर दबाव बना रहे थे और घर पहुंचकर धमकाने तक लगे थे। प्रारंभिक जांच के अनुसार, साजिद ने पहले अपनी पत्नी राबिया, बेटे इरशाद, बेटी शाहिदा बेगम और इरशाबा परवीन को कथित तौर पर जहर दिया। इसके बाद वह पूरी रात शवों के पास बैठा रहा और लगभग नौ घंटे बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**दो संदिग्ध मोबाइल नंबर जांच के दायरे में :** एसआईटी की तकनीकी जांच में साजिद अली के मोबाइल फोन से दो संदिग्ध मोबाइल नंबर सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार, इन नंबरों पर उसकी लगातार बातचीत होती थी। 17 जुलाई की रात भी इन नंबरों पर बातचीत हुई थी, जबकि 18 जुलाई की रात घर से पांचों के शव बरामद हुए। घटना के बाद से दोनों मोबाइल नंबर बंद हैं। पुलिस इन नंबरों से जुड़े लोगों की तलाश कर रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि साजिद अली बैटरी निर्माण का विशेषज्ञ था, लेकिन पिछले करीब एक वर्ष से उसने काम करना बंद कर दिया था।

## आपत्तिजनक पोस्टरों पर पुलिस सख्त, सोशल मीडिया पोस्ट भी हो रही जांच

**नीट-2026 विरोध प्रदर्शन**

**इम्पेक्ट न्यूज. रायपुर**

नीट-2026 पेपर लीक के विरोध में रायपुर समेत प्रदेश के तमाम जिलों में त्दद्ठु॑ संगठन ने प्रदर्शन के दौरान लहराए गए आपत्तिजनक पोस्टरों और सोशल मीडिया पर वायरल फोटो- वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायतें पहुंची हैं। पुलिस ने इनके आधार पर संबंधित लोगों की पहचान शुरू कर दी है।

पुलिस पोस्टर लहराने वालों के साथ ही इन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड और प्रसारित करने वालों की भूमिका भी जांच कर रही है। प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस को सोशल मीडिया की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। जांच के बाद एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

बात करें रायपुर की तो कलेक्टोरेट चौक स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा के पास हुए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। इनमें कुछ नाबालिग भी थे। आरोप है कि उनके हाथों में भी अशोभनीय और अपशब्द लिखे पोस्टर थमाए गए। इसके साथ प्रदर्शन की अनुमति नहीं होने की भी चर्चा है।

जानकारों के अनुसार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर सार्वजनिक स्थान पर अश्लील पोस्टर लगाना या प्रदर्शित करना अपराध है। ऐसे मामलों में बीएनएस की धारा 294 के तहत कार्रवाई हो सकती है। पोस्टर में महिला का अशोभनीय चित्रण होने पर स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम भी लागू हो सकता है। सार्वजनिक शांति भंग होने या लोगों में क्षोभ फैलने की स्थिति में बीएनएस की धारा 296 के तहत कार्रवाई का प्रावधान है।

## भीख मांगने की आड़ में उठाईगिरी का आरोप

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में भीख मांगने की आड़ में चोरी की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि भीख मांगने के बहाने घरों के आसपास पहुंचने वाले संदिग्ध लोग मौका मिलते ही घर के अंदर दाखिल होकर मोबाइल और पर्स चोरी कर फरार हो रहे हैं। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जरहाभाठा निवासी सुनील बाटवे ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि भीख मांगने के बहाने कुछ लोग उनके घर के आसपास पहुंचे और मौका पाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़ित ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित ने पुलिस से शहर में सक्रिय ऐसे संदिग्ध गिरोहों की जांच कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और चोरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की भी अपील की है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट कर छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, बस्तर के कायाकल्प, अधोसंरचना एवं औद्योगिक परियोजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

## बालोद के स्कूल में एक-एक कर बेहोश हुईं 5 छात्राएं

**इम्पेक्ट न्यूज. बालोद**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलझर में उस समय हड़कंप मच गया, जब कक्षा 9वीं और 10वीं की पांच छात्राएं अचानक बेहोश हो गई. घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से छात्राओं को डौंडीलोहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया. एक छात्रा की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बालोद रेफर किया गया.

**स्कूल में बिगड़ी छात्राओं की तबीयत :** जानकारी के अनुसार, स्कूल में बुधवार को 10वीं की छात्रा तिजिया यादव अचानक चक्कर आने के बाद नीचे गिर गई. सांसे तेज होने के बाद वह छटपटाने लगी. शिक्षकों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी. कुछ देर बाद यूहाना कोमरे, लिलिमा चन्द्रवंशी भूमिका और 9वीं की छात्रा नितेश्वरी भी चक्कर आने, सीने में दर्द और घबराहट की शिकायत के बाद बेहोश होकर गिर पड़ीं. इससे पूरे विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया.



हालात बिगड़ते देख युहाना, लिलिमा चन्द्रवंशी, तिजिया यादव को प्राथमिक उपचार के लिए डौंडी लोहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. उपचार के दौरान छात्रा युहाना चंद्रवंशी की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बालोद रेफर कर दिया. वहीं दो छात्राओं की हालत में सुधार होने पर उन्हें उपचार के बाद घर भेज दिया गया. जबकि भूमिका और नीतेश्वरी का इलाज घर में ही किया गया.

विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि कुछ छात्राएं सुबह पर्याप्त भोजन किए बिना स्कूल आई थीं, जिससे कमजोरी के कारण उन्हें चक्कर आ सकता है. वहीं परिजनों का कहना है कि पिछले वर्ष भी विद्यालय में इस तरह की घटना सामने आई थी.

## अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में चींटियों का कब्जा

**दुर्ग।** जिला अस्पताल से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां मदर-चाइल्ड यूनिट का ऑपरेशन थिएटर इन दिनों चींटियों के कब्जे में है। ओटी में अब प्रसूताओं को संक्रमण का खतरा बढ़ गया है, जिसके कारण बीते 3 दिनों से सिजेरियन डिलीवरी बंद कर दी गई है। अब सीजेरियन डिलीवरी के लिए प्रसूताओं और अन्य सर्जरी के लिए दूसरे डेट दिये जा रहें हैं, जिसको लेकर लोग परेशान हो रहें हैं। मदर-चाइल्ड यूनिट के ओटी में 23 और 24 जुलाई को ज्यादा चीटियां देखी गई, ओटी के अंदर टूटी हुई टाइल्स और दीवाल की दरारों से चींटियों को आते देखा गया। वहीं समय-समय पर पेस्ट कंट्रोल नहीं कराए जाने की लापरवाही भी सामने आई, जिसके बाद ओटी बंद कर दिया गया।

## खजूर कारोबारी पर जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**1.30 करोड़ रुपये का कर और जुर्माना वसूला**

**इम्पेक्ट न्यूज. रायपुर**

राज्य जीएसटी विभाग ने राजधानी रायपुर में खजूर के कारोबार से जुड़े एक बड़े व्यापारी पर कार्रवाई करते हुए 1.30 करोड़ रुपये का कर एवं जुर्माना वसूल किया है। विभाग के अनुसार यह पहली बार है जब खजूर के कारोबार से जुड़े मामले में इतनी बड़ी राशि वसूली गई है।

जानकारी के मुताबिक, जीएसटी विभाग को सूचना मिली थी कि एसएन ट्रेडर्स का देवपुरी में बड़ा गोदाम है और वहां से बड़े पैमाने पर खजूर का कारोबार संचालित किया जाता है। कारोबारी गुढ़ियारी सहित अन्य स्थानों से भी खजूर की खरीद-बिक्री करता था। वह विदेशों से खजूर आयात कर छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में भी इसकी सप्लाई करता था। शुरुआती जांच में कोई बड़ी अनियमितता सामने नहीं आई, लेकिन तलाशी के दौरान कबाड़ में रखे एक कंप्यूटर में लगी पेन ड्राइव ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। पेन ड्राइव में मिले रिकॉर्ड से करोड़ों रुपये के ऐसे कारोबार की जानकारी मिली, जिसे जीएसटी रिटर्न में नहीं दर्शाया गया था।

## रायपुर में नाम छिपाकर शादी का आरोप

**इम्पेक्ट न्यूज. रायपुर**

राजधानी रायपुर के पंडरी थाना क्षेत्र में एक युवती ने एक युवक पर अपनी पहचान छिपाकर दोस्ती और शादी करने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता भी पंडरी थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब छह वर्ष पहले आरोपी ने अपना नाम सोनू बताकर उससे दोस्ती की और बाद में शादी कर ली। युवती का आरोप है कि बाद में उसे पता चला कि युवक का वास्तविक नाम सुफयान शेख है। शादी के बाद वह लगभग एक वर्ष तक पंडरी स्थित आरोपी के घर में उसकी नानी और बहनों के साथ रही। इस दौरान उसने एक बेटे को जन्म दिया। शिकायत के अनुसार, बाद में आरोपी हत्या के प्रयास के एक मामले में जेल चला गया और एक वर्ष से अधिक समय तक जेल में रहा। जेल से रिहा होने के बाद उसने बच्चे को अपने पास रख लिया और अब उसे बच्चा नहीं दे रहा है। इसी शिकायत को लेकर युवती पंडरी थाने पहुंची। वहीं आरोपी के परिजनों ने युवती के आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि परिवार ने उसे स्वीकार कर अपने साथ रखा था। उनका कहना है कि आरोपी के जेल जाने के बाद युवती ने स्वयं आधार केंद्र जाकर अपना नाम बदलवाया था। मामले की सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता पंडरी थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## बिलासपुर सेंट्रल जेल मौत मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**डीजीपी और गृह सचिव को 4 अगस्त को किया तलब**

**इम्पेक्ट न्यूज. बिलासपुर**

बिलासपुर सेंट्रल जेल में बंदी श्रवण सूर्यवंशी की हिरासत में हुई मौत का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए छत्तीसगढ़ के डीजीपीऔर गृह सचिव को 4 अगस्त 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों को राज्य सरकार का पक्ष रखना होगा।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने मृतक की पत्नी लहरा बाई ताम्रकार और उनकी दो नाबालिग बेटियों द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई की। अदालत ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट द्वारा दिए गए एक लाख रुपये के मुआवजे को प्रथम दृष्टया अपर्याप्त बताते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि हिरासत में मौत के मामले में एफआईआर दर्ज करने और आपराधिक जांच शुरू करने के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई है।

**0 जनवरी 2024 में हुई थी मौत**

मामले के अनुसार, 18 जनवरी 2024 को सीपत पुलिस ने श्रवण सूर्यवंशी को आबकारी अधिनियम के तहत 6 लीटर कच्ची महुआ शराब रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे केंद्रीय जेल बिलासपुर भेजा गया। 21 जनवरी को तबीयत बिगड़ने पर उसे सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 22 जनवरी 2024 की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृत्यु के बाद मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के निर्देश पर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 176 के तहत न्यायिक जांच कराई गई। 22 जुलाई 2024 को प्रस्तुत जांच रिपोर्ट में मौत का कारण सिर में लगी गंभीर चोट से उत्पन्न जटिलताओं को बताया गया।

इसके बाद मृतक के परिजनों ने संबंधित पुलिस और जेल अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तथा 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की। इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने 3 अक्टूबर 2024 को परिवार को एक लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश देकर याचिका का निपटारा कर दिया था।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर बस्तर संभाग के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों तक सड़क संपर्क मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में विशेष प्रावधान करने का आग्रह किया।

बॉटम न्यूज...

## रेलिंग का सरिया युवकों के पेट में घुसा, दो की हालत गंभीर

**इम्पेक्ट न्यूज. बिलासपुर**

सकरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानन पेंडारी के पास गुरवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग से जा टकराई. टक्कर इतनी भीषण थी, कि रेलिंग का सरिया युवक के पेट में जा घुसा. वहीं दूसरे युवक के पेट से लोहे का पाइप पार हो गया. हादसे में अब्राहम और प्रियांशु की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है, जबकि तीसरे युवक को सामान्य चोटें आई हैं. तीनों युवक मुंगेली जिले के पेंड्रीडीह, जरहागांव निवासी बताए जा रहे हैं. जानकारी के अनुसार तीनों युवक अपने गांव से बिलासपुर किसी दोस्त को लेने आए थे. यहां पहुंचने पर पता चला कि उनका मित्र पहले ही वापस जा चुका है. इसके बाद बाइक से तीनों अपने गांव लौट रहे थे. इसी दौरान कानन पेंडारी के आसपास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग से जा भिड़ी और भीषण हादसा हो गया.



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना का दृश्य बेहद भयावह था. टक्कर के बाद रेलिंग का लोहे का सरिया और पाईप दो युवकों के पेट में घुस गया. अब्राहम के पेट में सरिया फंसा रह गया, जबकि प्रियांशु के पेट में घुसा सरिया प्रारंभिक उपचार के दौरान सिम्स अस्पताल में निकाला गया. तीसरे युवक को हल्की चोटें आई हैं और उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है.

हादसे के बाद मौके से गुजर रहे एक राहगीर ने घायलों के मोबाइल फोन से उनके परिजनों को दुर्घटना की सूचना दी. साथ ही तत्काल डायल-112 और पुलिस को भी सूचना दी गई. सकरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने लोगो की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर तत्काल सिम्स अस्पताल पहुंचाया. सिम्स में प्राथमिक उपचार के दौरान दोनों गंभीर घायलों की हालत चिंताजनक देखते हुए परिजनों ने पहले ही अब्राहम को और बाद में प्रियांशु को रात 3 बजे के आसपास बेहतर इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों का उपचार जारी है. चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है.

प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार एवं बाइक का अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकराना माना जा रहा है. सकरी पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच शुरू कर दी है.

# 850 किमी दूर प्रेमी के प्यार में पड़ी तीन बच्चों की मां, बिहार से खींची चली आई लखीमपुर

### थाने में बिलखते रहे बच्चे, मां बोली- 'पति निकम्मा है, मैं नहीं जाऊंगी'

**एजेंसी न्यूज. लखीमपुर खीरी**

वर्चुअल दुनिया का इश्क जब हकीकत की चौखट पर पहुंचता है, तो कई बार ऐसे हैरान करने वाले मोड़ ले लेता है जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। डिजिटल प्यार के नशे में चूर एक 38 वर्षीय शादीशुदा महिला ने अपने 15 साल पुराने परिवार को इस कदर पलक झपकते ही भुला दिया कि उसकी कहानी सुनकर हर कोई सन्न है। इंस्टाग्राम पर रील्स बनाने के शौक ने बिहार की इस महिला को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी के रहने वाले एक 18 साल के नौजवान का ऐसा दीवाना बना दिया कि वह अपने पति और तीन मासूम बच्चों को बिलखता छोड़ 850 किलोमीटर दूर अपने प्रेमी के दर पर जा पहुंची। हैरानी की बात तो यह है कि जब पति अपने बच्चों को लेकर उसे मनाने थाने पहुंचा, तो बच्चों की गुहार सुनकर भी इस मां का दिल जरा भी नहीं पसीजा और उसने दो-टूक कह दिया कि वह अब वापस नहीं लौटेगी।

यह पूरा हैरान करने वाला मामला बिहार की रहने वाली सुमन कुमारी उर्फ लवली (38) और लखीमपुर खीरी के नीमगांव क्षेत्र के रहने वाले 18 वर्षीय पवन का है। करीब 15 साल पहले सुमन की शादी बिहार के ही प्रद्युम्न से हुई थी और उनके तीन बच्चे (14, 8 और 6 साल) हैं। घर पर रहने के दौरान सुमन सोशल मीडिया पर रील्स बनाया करती थी। इसी दौरान करीब छह महीने पहले इंस्टाग्राम पर उसकी बातचीत पवन से शुरू हुई। पवन उस वक्त हरियाणा के सोनीपत में एक कंपनी में नौकरी करता था। पहले फॉलो और लाइक से शुरू हुई यह कहानी डायरेक्ट मैसेज, फिर वीडियो कॉल और अंततः गहरे प्रेम संबंध में तब्दील हो गई।



प्रेमी से विवाद हुआ, फिर भी 850 किमी दूर पीछा करते पहुंच गई यूपी प्यार का परवान ऐसा चढ़ा कि करीब तीन महीने पहले सुमन अपने पति और तीनों बच्चों को बिना भनक लगे घर छोड़कर सीधे सोनीपत पहुंच गई। दोनों कुछ समय तक वहां साथ रहे, लेकिन यह कहानी भी जल्द ही विवादों में घिर गई। आरोप है कि सुमन की दूसरे युवकों से फोन पर बातचीत को लेकर पवन और उसके बीच झगड़े होने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि पवन उसे छोड़कर वापस अपने गांव लखीमपुर खीरी लौट आया। लेकिन प्यार के जुनून में अंधी हो चुकी सुमन ने हार नहीं मानी। वह पवन का पीछा करते हुए 850 किलोमीटर का लंबा सफर तय करके लखीमपुर खीरी के उसके गांव पहुंच गई। गांव में बाहरी महिला को देख पंचायत बैठी और फिर ग्राम प्रधान ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी।मामले की भनक लगते ही सुमन का पति प्रद्युम्न अपने तीनों बच्चों को साथ लेकर लखीमपुर खीरी पहुंच गया। नीमगांव थाने में दो दिन तक हाई-वोल्टेज ड्रामा चला। थाने का दृश्य उस वक्त बेहद भावुक हो गया जब मासूम बच्चे अपनी मां से लिपटकर घर लौटने की मिन्नतें करने लगे। पुलिस, स्थानीय लोगों और पति ने भी परिवार और बच्चों के भविष्य का वास्ता देकर उसे बहुत समझाया, लेकिन सुमन टस से मस नहीं हुई। उसने कह दिया कि उसका पति कोई काम नहीं करता, इसलिए वह उसके साथ वापस उस नर्क में नहीं जाएगी। महिला ने यह कहकर सबको चौंका दिया कि बच्चे उसके पति के हैं, इसलिए अब उनकी जिम्मेदारी भी वही उठाए। वह अपने नए प्यार के साथ नई जिंदगी शुरू करना चाहती है।

**प्रेमी का हैरान करने वाला दावा- 'मुझे शादी और बच्चों का नहीं था पता' :** इस पूरी प्रेम कहानी में 18 साल के प्रेमी पवन का बयान भी कम चौंकाने वाला नहीं है। पवन का कहना है कि इंस्टाग्राम पर जब उनकी दोस्ती हुई थी, तब सुमन ने उसे यह नहीं बताया था कि वह शादीशुदा है और तीन बच्चों की मां है। पवन के मुताबिक, जब उसे बाद में इस कड़वी सच्चाई का पता चला तो दोनों के बीच विवाद होने लगा और वह पीछा छुड़ाकर गांव भाग आया, लेकिन वह यहां भी पहुंच गई। फिलहाल यह अनोखी और अजीबोगरीब प्रेम कहानी इलाके से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चा का बड़ा विषय बनी हुई है। कोई इसे सोशल मीडिया की लत का घातक नतीजा बता रहा है, तो कोई मां की ममता के खत्म होने पर अफ़सोस जता रहा है।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के बदायूँ जिले में एक जनसभा को संबोधित किया.

## पीएम मोदी को गाली देने वाली नोएडा की युवती के खिलाफ एफआईआर पर सीजेपी का विरोध

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी करने वाली युवती रुचिका सिंह के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी का कॉकरोच जनता पार्टी ने विरोध किया है। पार्टी के प्रवक्ता सौरव दास ने सामाजिक माध्यम एक्स पर पुलिस कार्रवाई को अनुचित बताते हुए इसे आपराधिक न्याय व्यवस्था का दुरुपयोग करार दिया। सौरव दास ने अपने संदेश में लिखा कि रुचिका सिंह के खिलाफ आपराधिक कानून का गलत इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा अपशब्द कहने मात्र से आपराधिक मामला नहीं बनता। उन्होंने यह भी दावा किया कि लोकसभा के लगभग 50 प्रतिशत सांसदों के विरुद्ध आपराधिक मामले लंबित हैं, जिनमें करीब 100 सांसद भाजपा के हैं। उनके अनुसार, पुलिस को अपनी ऊर्जा ऐसे मामलों पर खर्च करनी चाहिए, न कि 25 वर्ष की एक युवती के खिलाफ।

उन्होंने कहा कि युवाओं को परेशान करना तत्काल बंद किया जाना चाहिए और सवाल उठाया कि इस देश में गाली देना कब से अपराध बन गया।

रुचिका सिंह का कथित रूप से प्रधानमंत्री के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए वीडियो सामाजिक माध्यमों पर सामने आने के बाद गाजियाबाद निवासी स्मृति सिंह ने नोएडा के एक्सप्रेस-वे थाने में शून्य प्राथमिकी दर्ज कराई।



महाराष्ट्र के ठाणे ज़िले के भिवंडी में चार मंज़िला इमारत गिरने के बाद बचाव दल ने खोज और बचाव अभियान चलाया। इस घटना में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई।

## उमर अब्दुल्ला और पायल अब्दुल्ला के तलाक मंजूर



### 31 साल पुराना रिश्ता हुआ खत्म

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनकी अलग रह रही पत्नी पायल अब्दुल्ला के विवाह को समाप्त करने की मंजूरी दे दी है। दोनों पक्षों के बीच सभी लंबित विवाद आपसी सहमति से सुलझ जाने के बाद अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने विशेष अधिकारों का उपयोग करते हुए तलाक की अनुमति दी।

जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो चुका है और इससे जुड़े अन्य सभी मामलों को भी वापस लेने पर सहमति बन गई है। अदालत जल्द ही इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी करेगी।

उमर अब्दुल्ला की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि दोनों ने अपने सभी मतभेद समाप्त कर लिए हैं और अब अलग-अलग जीवन जीने का फैसला किया है। इसी आधार पर अनुच्छेद 142 के तहत विवाह समाप्त करने का अनुरोध किया गया था। यह मामला उमर अब्दुल्ला की उस याचिका से जुड़ा था, जिसमें उन्होंने पत्नी पर क्रूरता का आरोप लगाते हुए तलाक की मांग की थी। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट और फैमिली कोर्ट उनकी तलाक की याचिका खारिज कर चुके थे। फैमिली कोर्ट ने वर्ष 2016 में कहा था कि क्रूरता और परित्याग के आरोप पर्याप्त रूप से साबित नहीं हुए हैं, जबकि हाई कोर्ट ने भी उस फैसले को बरकरार रखा था। उमर अब्दुल्ला और पायल अब्दुल्ला का विवाह 1 सितंबर 1994 को हुआ था। दोनों वर्ष 2009 से अलग रह रहे थे और अदालत में दी गई जानकारी के अनुसार वर्ष 2007 के बाद से उनके वैवाहिक संबंध सामान्य नहीं रहे। लंबे कानूनी विवाद और आपसी सहमति के बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने इस विवाह को कानूनी रूप से समाप्त करने की मंजूरी दे दी है।

## भिवंडी में चार मंजिला इमारत ढही, 6 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के भिवंडी में गुरुवार देर रात बड़ा हादसा हो गया, जब 'कोहिनूर' नाम की चार मंजिला रिहायशी इमारत अचानक भरभराकर ढह गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे के समय इमारत में मौजूद 8 से 10 लोग मलबे में दब गए थे। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय आपदा मोचन बल , भिवंडी पुलिस, दमकल विभाग और नगर निगम की टीमें मौके पर पहुंच गईं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से इमारत में मरम्मत का काम चल रहा था। आरोप है कि मरम्मत के दौरान ठेकेदार और मजदूरों ने इमारत के तीन अहम पिलर तोड़ दिए, जिससे इसकी नींव कमजोर हो गई और पूरी इमारत अचानक ढह गई।

## शहजाद पूनावाला ने दिया राष्ट्रीय भाजपा प्रवक्ता पद से इस्तीफा!

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

भाजपा के तेज-तर्रार राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला के पार्टी से इस्तीफा देने की खबर सामने आई है। हालांकि, उनके इस्तीफे की अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है और न ही पार्टी की ओर से इसकी पुष्टि की गई है।



सूत्रों के अनुसार, शहजाद पूनावाला ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि पार्टी और पूनावाला की ओर से जल्द ही इस संबंध में आधिकारिक बयान जारी किया जा सकता है।

टेलीविजन समाचार चैनलों पर भाजपा का पक्ष प्रभावी ढंग से रखने वाले पूनावाला स्वयं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रबल समर्थक बताते रहे हैं। इस्तीफे की खबरों के बीच उन्होंने अपने सामाजिक माध्यम एक्स पर भी प्रोफाइल में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं।

उन्होंने अपनी प्रोफाइल से भाजपा का उल्लेख हटा दिया है। साथ ही स्वयं को इस्लाम धर्म का अनुयायी बताते हुए भारतीय संस्कृति से जुड़ा बताया है। अपनी विचारधारा के स्थान पर उन्होंने भारतीय लिखा है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आजीवन अनुयायी के रूप में उल्लेखित किया है।

पिछले कुछ दिनों से शहजाद पूनावाला अपने सामाजिक माध्यम खाते पर अपने पुराने साक्षात्कार साझा कर रहे थे। इन साक्षात्कारों में वह राजनीति से दूरी बनाने और सार्वजनिक जीवन से हटने की संभावना पर चर्चा करते दिखाई दे रहे थे। इससे उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर पहले से ही अटकलें लगाई जा रही थीं।

लगभग 40 वर्षीय अविवाहित शहजाद पूनावाला महाराष्ट्र के पुणे के निवासी हैं। वे पेशे से अधिवक्ता, स्तंभकार और राजनीतिक विश्लेषक भी हैं।

## संसद परिसर बना विपक्ष का राजनीतिक रंगमंच राम मंदिर चंदा चोरी पर किया नुक्कड़ नाटक

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

अयोध्या के राम मंदिर में चंदा चोरी का मामला शांत होते नहीं दिख रहा है। शुक्रवार को विपक्षी सांसदों ने एक बार फिर संसद परिसर में इस मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया, जो नुक्कड़ नाटक जैसा था। बिहार से निर्दलीय सांसद और कांग्रेस नेता पप्पू सिंह इस नाटक में मंदिर के पुजारी बने हुए थे, जो अपने साथ भगवान राम की तस्वीर और दान पात्र रखे थे। नाटक में विपक्ष के नेता और अन्य सांसद भक्त बने थे।

संसद परिसर के बाहर हो रहे इस नाटक में सभी विपक्षी सांसद घेरा बनाकर खड़े हैं और उनके बीच साधु के वेश में सांसद पप्पू बैठे थे। तभी राहुल गांधी भीड़ से निकलकर आते हैं और पप्पू सिंह को नमस्कार कर दान देते हैं। इसके बाद एक अन्य सांसद राहुल को पैसे देते हैं और दान पात्र में डालने को कहते हैं। जब राहुल दान पात्र में पैसे डालते है, तो पप्पू सिंह इसे निकालकर जेब में रख लेते हैं। विपक्षी सांसदों ने नाटक से यह दिखाने की कोशिश की कि राम मंदिर में कैसे भक्तों का चंदा हड़पा जा रहा है।




नाटक में अयोध्या से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद प्रमुख रूप से दिखाई दिए। सांसद चढ़ावा चोर गद्दी छोड़ के नारे लगा रहे थे। सांसदों ने गृह मंत्री अमित शाह से पैलेट-गन मामले में संसद में आकर जवाब देने की मांग भी की। गुरुवार को भी समाजवादी पार्टी के सांसदों ने चंदा चोरी पर प्रदर्शन किया था।

## मेटा के इंडिया हेड पर मुकदमा दर्ज, पीएम के एआई कंटेंट का मामला

**एजेंसी न्यूज. हैदराबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़े कथित आपत्तिजनक एआई आधारित वीडियो और परिवर्तित तस्वीरों को सामाजिक माध्यमों पर प्रसारित किए जाने के मामले में हैदराबाद साइबर अपराध पुलिस ने मेटा के भारत प्रमुख सहित कई फेसबुक और इंस्टाग्राम खातों का संचालन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

यह कार्रवाई भाजपा समर्थकों की शिकायत के आधार पर की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दो अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह मामला कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में आयोजित नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान सामाजिक माध्यमों पर साझा किए गए कुछ वीडियो और तस्वीरों से जुड़ा है।

## प्रदर्शन में घायल पुलिसकर्मियों के परिजन सामने आए, बेटी बोली- पिता को घसीटा गया

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन और संसद चलो मार्च के दौरान हुई हिंसा में घायल पुलिसकर्मियों के परिजनों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस दौरान परिजनों ने कहा कि वे भी इस देश के नागरिक हैं और उन्हें भी न्याय मिलना चाहिए। परिजनों ने संसद में चर्चा की भी मांग की। घायल पुलिसकर्मियों के परिवारों ने कथित हमलों के वीडियो दिखाए और आरोप लगाया कि असामाजिक तत्वों ने प्रदर्शन में घुसपैठ की थी। एक घायल पुलिसकर्मी की बेटी ने कहा, मेरे पिता मुख्य विरोध स्थल पर थे। वे अग्रिम पंक्ति में, बैरिकेड्स के पास थे। मेरे पिता को उपद्रवी भीड़ ने घसीटा और लगभग पीट-पीटकर मार डाला। वे अस्पताल में लगभग 4 घंटे तक बेहोश रहे। रात करीब 10 बजे सहकर्मी उन्हें घर लाए। उनकी वर्दी खून से लथपथ थी। उन्हें उस हालत में देखना हमारे लिए बेहद दर्दनाक था। वह रात हमारे परिवार के लिए सबसे कठिन रातों में से एक थी।

प्रदर्शन में घायल दिल्ली पुलिस के एसीपी की पत्नी ने कहा, 20 जुलाई की देर रात जब वे घायल हालत में घर लौटे, तो वह पल मेरे और मेरी 2 साल की बेटी, दोनों के लिए बेहद दर्दनाक और सदमे वाला था। लोग यह भूल जाते हैं कि एक पुलिस अधिकारी सिर्फ अकेला इंसान नहीं होता। उसके पीछे उसका परिवार होता है-उसकी पत्नी, छोटे बच्चे और बूढ़े माता-पिता, जो हर पल घर पर उसके सुरक्षित लौटने का इंतजार करते हैं।



लक्ष्य मेहता, जिनके पुलिसकर्मी पिता घायल हुए, उन्होंने कहा, उनके सिर पर चोट लगी थी। प्रदर्शनकारियों ने उन पर पत्थर से हमला किया। पुलिसकर्मी भी समाज का हिस्सा हैं। उनको अपराधी बताया जा रहा है। उन्हें बहादुरी के लिए 4 सम्मान मिल चुके हैं। जब उनकी तस्वीर देखी तो सिर मुंडा हुआ था और 4 टांके लगे थे। मैं डर गया था। पिता ने बताया कि प्रदर्शन में सिर्फ छात्र नहीं, बल्कि हिंसक और उपद्रवी लोग भी शामिल थे। दिल्ली पुलिस में सहायक सब-इंस्पेक्टर की पत्नी सीमा ने कहा, उन्होंने मुझे बताया कि भीड़ बहुत आक्रामक हो गई थी और उसमें असामाजिक तत्व भी शामिल हो गए थे। उन्होंने पुलिसकर्मियों पर गमलों, चप्पलों, जूतों और पत्थरों से हमला किया। ड्यूटी के दौरान उन्हें दिया गया हेलमेट पूरी तरह चकनाचूर हो गया था। अगर हेलमेट को भेदने के बाद पत्थर उनके सिर पर लगता, तो शायद आज वो जिंदा न होते। यह सोचकर आज भी मुझे डर लगता है।

प्रदर्शनस्थल से कई वीडियो भी सामने आए थे, जिनमें घायल पुलिसकर्मियों को देखा जा सकता था। बाद में दिल्ली पुलिस ने कहा था कि सीसीटीवी फुटेज से पहचाने गए प्रदर्शनकारियों में से 989 का आपराधिक इतिहास पाया गया है।

बॉटम न्यूज...

# सांसद राघव चड्ढा ने एंटी-पेपर लीक बिल का किया समर्थन

### बोले- छात्रों की आवाज़ पर सरकार ने उठाया कदम

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

राज्यसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान सांसद राघव चड्ढा ने विधेयक का समर्थन करते हुए इसे देश का पहला समर्पित एंटी-पेपर लीक फ्रेमवर्क बताया।

उन्होंने कहा कि वर्षों से पेपर लीक ने लाखों छात्रों की मेहनत और सपनों को नुकसान पहुंचाया है, लेकिन अब संगठित पेपर लीक माफिया के खिलाफ सख्त कानूनी ढांचा तैयार किया गया है।

राघव चड्ढा ने कहा कि नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं में छात्रों की शिकायतों को सरकार ने गंभीरता से लिया और प्रधानमंत्री ने परिवार के मुखिया की तरह निर्णय लेते हुए परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधारों की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक बयानबाजी के बजाय संस्थागत सुधारों का रास्ता चुना गया है।

उन्होंने कहा कि नया कानून पेपर लीक को संगठित अपराध की श्रेणी में लाएगा। इसमें 10 वर्ष तक की सजा, 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने, विशेष जांच दल, फास्ट ट्रैक कोर्ट और समयबद्ध जांच जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। उनका कहना था कि इससे ईमानदार छात्रों को निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था मिलेगी और मेरिट का सम्मान सुनिश्चित होगा।



भाषण के दौरान राघव चड्ढा ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एक परीक्षा केवल रैंक तय कर सकती है, किसी छात्र की कीमत नहीं। उन्होंने छात्र आंदोलनों के राजनीतिकरण से बचने की अपील करते हुए कहा कि यह लड़ाई राजनीतिक दलों की नहीं, बल्कि मेरिट और माफिया के बीच है।

राघव चड्ढा ने अपने भाषण में पंजाब में फार्मेसी भर्ती, नीट समेत विभिन्न भर्ती परीक्षाओं तथा कर्नाटक में हुए कथित पेपर लीक मामलों का उल्लेख करते हुए जवाबदेही की मांग की। उन्होंने कहा कि देशभर में सामने आई ऐसी घटनाओं ने एक सख्त राष्ट्रीय कानून की आवश्यकता को स्पष्ट किया है। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने कहा, मुझे सुर्खियां नहीं, समाधान चाहिए था।

उन्होंने विश्वास जताया कि नए कानून से परीक्षा प्रणाली अधिक सुरक्षित होगी, पेपर लीक माफिया पर प्रभावी अंकुश लगेगा और अंततः जीत मेहनत करने वाले छात्रों की होगी।




देश निकाला बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन नई दिल्ली से यात्रा करके नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचीं, जो लगभग 19 साल बाद कोलकाता लौटी हैं।

व्यापार...

## सोना और चांदी गिरावट के साथ खुले, आधा प्रतिशत से अधिक लुढ़के दाम

**एजेंसी न्यूज. मुंबई**

सोने और चांदी शुक्रवार को गिरावट के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में दोनों कीमती धातुओं का दाम करीब आधा प्रतिशत तक फिसल गया।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 अगस्त, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,43,232 रुपए प्रति 10 ग्राम के मुकाबले 1,42,929 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला।

फिलहाल 9ः50 पर यह 0.58 प्रतिशत या 832 रुपए की कमजोरी के साथ 1,42,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। अब तक के कारोबार में सोने ने 1,42,253 रुपए प्रति 10 ग्राम का न्यूनतम स्तर और 1,42,929 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ।

सोने के साथ चांदी में भी कमजोरी के साथ कारोबार हो रहा है।

चांदी का 4 सितंबर, 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 2,19,967 रुपए प्रति किलो के मुकाबले 2,18,769 रुपए प्रति किलो पर खुला।

फिलहाल यह 1,057 रुपए या 0.48 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,18,910 रुपए प्रति किलो पर था। अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,18,538 रुपए प्रति किलो का न्यूनतम स्तर और 2,19,967 रुपए प्रति किलो का उच्चतम स्तर छुआ है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी में गिरावट के साथ कारोबार हो रहा है। सोना 0.56 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,076 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58 डॉलर प्रति औंस पर था।

जानकारों ने कहा कि फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कोई बदलाव न करने के बाद सोने की ट्रेडिंग एक सीमित दायरे में हो रही है। हालांकि, पॉलिसी स्टेटमेंट में सख्त रुख अपनाया गया और तीन एफओएमसी सदस्यों ने ब्याज दरें बढ़ाने के पक्ष में वोट दिया। भले ही दरों को जस का तस रखा गया, लेकिन फेड ने भविष्य के पॉलिसी कदमों के समय के बारे में कोई साफ संकेत नहीं दिया, जिससे निवेशक वेट और वॉच का नजरिया अपना रहे हैं।

## भारतीय शेयर बाजार मजबूत वैश्विक संकेतों से हरे निशान में खुला, डिफेंस और मैन्युफैक्चरिंग में खरीदारी

**एजेंसी न्यूज. मुंबई**

मजबूत वैश्विक संकेतों से भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में खुला। इस दौरान सेंसेक्स 70 अंक या 0.09 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 77,998 और निफ्टी 44 अंक या 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,361 पर था।

शुरुआती कारोबार में बाजार को सपोर्ट डिफेंस और मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर्स से मिल रहा था। सूचकांकों में निफ्टी इंडिया डिफेंस और निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग करीब एक प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप गेनर्स थे। इसके अलावा, निफ्टी फार्मा, निफ्टी हेल्थकेयर, निफ्टी ऑटो, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी मेटल, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी इन्फ्रा, निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी कमोडिटी और निफ्टी एनर्जी भी हरे निशान में थे।

दूसरी तरफ निफ्टी आईटी, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी सर्विसेज और निफ्टी ऑयल एंड गैस लाल निशान में थे।

सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, बीईएल, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, सन फार्मा, इंडिगो, टाटा स्टील, एसबीआई, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स थे। टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईटीसी और एचयूएल टॉप लूजर्स थे।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 210 अंक या 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 62,867 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 109 अंक या 0.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,364 पर था।

बाजार के जानकारों ने कहा कि भारत एक स्थिर बाजार है और अब इसमें गिरावट का जोखिम कम है, खासकर लार्ज-कैप शेयरों में, जहां वैल्यूएशन सही है और ग्रोथ की संभावनाएं अच्छी हैं।

पिछले तीन दिनों में एफआईआई ने कुल मिलाकर 7,360 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं। हालांकि, एफआईआई की यह खरीदारी अभी कोई स्पष्ट ट्रेंड नहीं है, लेकिन इसमें बाजार को मजबूती देने की क्षमता है।

# बैंक की इस सीक्रेट सर्विस से बिना कुछ किए खाते में मिलेगा 3 गुना ब्याज, तुरंत जानें तरीका

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

जब भी आप किसी बैंक में अपना सेविंग अकाउंट खुलवाते हैं, तो बैंक कर्मचारी आपको एटीएम, डेबिट कार्ड और खाते पर मिलने वाले साधारण ब्याज की जानकारी देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बैंकों की एक ऐसी खास और सीक्रेट सर्विस भी है जो आपके सेविंग अकाउंट पर मिलने वाले ब्याज को सीधा तीन गुना तक बढ़ा सकती है। इस सर्विस के जरिए आपको अपने साधारण बचत खाते पर भी फिक्स्ड डिपॉजिट जितना शानदार ब्याज मिल सकता है। हैरानी की बात यह है कि बैंक में खाता खुलवाने वाले हर ग्राहक को मिलने वाली इस धांसू सुविधा के बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी होती है।

**क्या है बैंक ऑटो स्वीप सर्विस का जादुई फॉर्मूला?**

हम जिस खास सुविधा की बात कर रहे हैं, उसे बैंकिंग की भाषा में 'बैंक ऑटो स्वीप सर्विस' कहा जाता है।

यह एक ऐसी कमाल की फैसिलिटी है जो ग्राहकों को उनके सरप्लस फंड पर अधिकतम ब्याज दिलाने में मदद करती है। इस सर्विस को अपने खाते में इनेबल कराने के बाद, अगर आपके सेविंग अकाउंट में जमा राशि एक तय लिमिट से ज्यादा हो जाती है, तो वह अतिरिक्त पैसा ऑटोमैटिक तरीके से एफडी में ट्रांसफर हो जाता है।

**कैसे काम करता है ऑटो स्वीप का पूरा गणित?**

इस सर्विस का गणित बेहद आसान है और यह पूरी तरह से ऑटोमैटिक काम करती है। इसे एक उदाहरण से समझें, मान लीजिए कि आपने अपने बैंक में जाकर सेविंग अकाउंट में 20,000 रुपये की ऑटो स्वीप लिमिट सेट करवा दी और किसी दिन आपने खाते में 80,000 रुपये जमा कर दिए। ऐसे में ऑटो स्वीप सर्विस तुरंत एक्टिव हो जाएगी और लिमिट से ऊपर का 60,000 रुपये का अमाउंट अपने आप एफडी में कन्वर्ट हो जाएगा। अब आपको इस 60,000 रुपये पर एफडी के हिसाब से ज्यादा ब्याज मिलेगा, जबकि बाकी बचे 20,000 रुपये पर सेविंग अकाउंट का सामान्य ब्याज मिलता रहेगा।

## भारत में एप्पल ने फिर तोड़ा रिकॉर्ड, तिमाही में सबसे ज्यादा कमाई- टिम कुक

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कहा कि कंपनी ने भारत समेत हर भौगोलिक क्षेत्र में जून-क्वार्टर के रेवेन्यू रिकॉर्ड बनाए। ये नतीजे सप्लाई चेन में बहुत बड़ी रुकावटों और विदेशी मुद्रा से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद आए। एप्पल कंपनी ने 109.4 बिलियन डॉलर का तिमाही रेवेन्यू दर्ज किया, जो पिछले साल के मुकाबले 16 प्रतिशत ज्यादा है। कंपनी का ग्रॉस मार्जिन 50.1 प्रतिशत रहा, जिसमें टैरिफ रिफंड से लगभग 2 प्रतिशत अंक का फायदा शामिल है।

प्रति शेयर डाइल्यूटेड अर्निंग 2.02 डॉलर रही, जो पिछले साल के मुकाबले 29 प्रतिशत ज्यादा है। इसमें टैरिफ रिफंड से 0.11 डॉलर का फायदा भी शामिल है।

टिम कुक ने कहा, हमने हर भौगोलिक क्षेत्र में जून-क्वार्टर के रेवेन्यू रिकॉर्ड बनाए।

हमें अमेरिका, लैटिन अमेरिका, पश्चिमी यूरोप, भारत, चीन, जापान और दक्षिण-पूर्व एशिया में जून-क्वार्टर के रिकॉर्ड के साथ हर जगह मजबूती देखकर खुशी हुई।

दुनिया भर में मैक का रेवेन्यू 10.4 बिलियन डॉलर रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 29 प्रतिशत ज्यादा है।

## रामायण ट्रेलर रिलीजः रावण बन छाए यश ने मचाया हाहाकार, प्रभु राम के रोल में रणबीर कपूर का दिखा दैवीय अवतार

नितेश तिवारी की रामायण का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है. फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का पहला ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें रणबीर कपूर को भगवान राम, यश को रावण और साई पल्लवी को सीता के रूप में दिखाया गया है. ब्रह्म मुहूर्त में जारी किए गए इस ट्रेलर में राम और रावण के बीच के मुख्य संघर्ष को दर्शाया गया है और साथ ही उस महाकाव्य की झलक भी दिखाई गई है जिसे फिल्म निर्माताओं ने बड़े पर्दे के लिए तैयार किया है.

चार मिनट नौ सेकंड के ट्रेलर की शुरुआत यश द्वारा अभिनीत रावण के सिर ढके हुए दरवाजे से गुजरने के सीन से होती है, जिसके बाद वह कहता है, तुम्हारा नया राजा. इसके बाद, तेज रफ्तार एक्शन दृश्यों में रावण यह घोषणा करता है, देव लोक, पृथ्वी लोक, पाताल लोक, तीनों में एक ही राजा होगा. फिर वह एक विशाल महल के द्वार पर खड़े होकर नाटकीय ढंग से अपना नाम पुकारता है.

## फिल्म श्रीमद्भागवतम का एलान, सात-पार्ट में रिलीज होगी ये एपिक सिनेमैटिक गाथा

सागर पिक्चर्स एंटरटेनमेंट ने एक नई फिल्म का एलान किया है. मेकर्स ने श्रीमद्भागवतम नाम की फिल्म बनाने जा रही है, जो भागवत महापुराण पर आधारित सात भागों वाली एक बड़ी सिनेमैटिक गाथा है. इस फिल्म के जरिए स्टूडियो भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित बड़े पैमाने पर बनने वाली फिल्मों की दुनिया में कदम रख रहा है.

सागर पिक्चर्स एंटरटेनमेंट ने श्रीमद्भागवतम नाम का पोस्टर जारी किया, जिसमें यह साफ किया गया है कि यह फिल्म 7 भागों में आएगी. इस पोस्टर को साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, आज, गुरु पूर्णिमा (व्यास पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर, हम उन सभी महान शिक्षकों को श्रद्धा से नमन करते हैं जो ज्ञान का मार्ग रोशन करते हैं.

## कॉमनवेल्थ गेम्स : चार साल के बेटे की मां और पीएचडी स्कॉलर सीमा कालीरमन ने दिलाया ब्रॉन्ज मेडल

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

बड़ी पुरानी कहावत है, जहां चाह वहां राह। यह लाइनें कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिला डिस्कस थ्रो में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने वाली एथलीट सीमा कालीरमन पर फिट बैठती हैं। चार साल के बेटे की जिम्मेदारी, पीएचडी की पढ़ाई के साथ खेल के प्रति ऐसा जुनून उन्हें बाकी एथलीटों से अलग बनाता है। सीमा का सबसे बड़ा सहारा पति रविंदर भी बने, जिनकी कोचिंग में वह देश का नाम रोशन करने में कामयाब हो सकीं।

हालांकि, सीमा का ब्रॉन्ज मेडल जीतने तक का सफर चुनौतियों से भरा रहा। चोट, प्रेग्नेंसी और तमाम तरह की चुनौतियों के बावजूद सीमा ने कभी अपना हौसला कम नहीं होने दिया। जब-जब जिंदगी ने खेल को उनसे दूर करने की कोशिश की तो सीमा ने हर बार शानदार वापसी की। डिस्कस थ्रो के फाइनल में 27 साल की इस एथलीट के छह राउंड में से केवल दो ही थ्रो सही (वैलिड) हो पाए, क्योंकि बार-बार डिस्कस साइड नेटिंग में फंस जा रहा था। यह पोडियम सीमा के लिए पहला बड़ा इंटरनेशनल मेडल रहा। सीमा एक पीएचडी स्कॉलर भी हैं और चार साल के बेटे रुद्र की मां हैं।

# रानी पिंक सूट में शहनाज गिल ने ढाया कहर, वायरल एथनिक फोटोशूट ने जीता फैंस का दिल



बॉलीवुड और पंजाबी इंडस्ट्री की चहेती अदाकारा शहनाज गिल अपने स्टाइल स्टेटमेंट और गजब के ट्रांसफॉर्मेशन से हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में शहनाज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नया एथनिक फोटोशूट पोस्ट किया है, जो देखते ही देखते इंटरनेट पर आग की तरह वायरल हो गया है।

इस लेटेस्ट फोटोशूट में शहनाज ने गहरे रानी पिंक कलर का बेहद खूबसूरत एथनिक सूट कैरी किया है। उनके इस आउटफिट को बहुत ही बारीकी से डिजाइन किया गया है। कुर्ती के योक पर गोल्डन थ्रेडवर्क, बारीक गोटा-पत्ती और जटिल जरदोजी वर्क के साथ-साथ शानदार मिरर और सेक्विन वर्क किया गया है।

कुर्ती के डीप-नेकलाइन और स्लीव्स के किनारों पर लगे लटकन-मोती इस ड्रेस को एक रॉयल और हेरिटेज लुक दे रहे हैं। इसके साथ उन्होंने मैचिंग एम्ब्रॉयडरी वाली स्ट्रेट-फिट एंकल लेंथ पैंट और नेट का एक खूबसूरत शीर दुपट्टा पेयर किया है, जो उनके पूरे लुक में एलिगेंस का तड़का लगा रहा है।

शहनाज गिल अपने ने मेकअप को बेहद सिंपल और सटल रखा है। उन्होंने लाउड कलर्स को छोड़कर न्यूड-ग्लॉसी लिप्स, न्यूड आईशैडो, मस्कारा से सजी पलकें और हल्का सा ब्लश ऑन चुना है, जो उनके नेचुरल फीचर्स को बखूबी उभार रहा है।

हेयरस्टाइल की बात करें तो शहनाज ने अपने सिग्नेचर स्टाइल को अपनाते हुए बालों को मिडल-पार्टिंग के साथ सॉफ्ट वेवी लुक दिया है। उनके खुले काले बाल कंधों पर लहराते हुए उनके चेहरे के कट को बेहद खूबसूरती से फ्रेम कर रहे हैं।

शहनाज गिल का यह फोटोशूट किसी लग्जरियस इनडोर स्टूडियो का लग रहा है, जहां वह एक आलीशान विंटेज आर्मचेयर पर बैठकर बेहद दिलकश अंदाज में पोज दे रही हैं। तस्वीरों में शहनाज का आत्मविश्वास और उनका सेक्सी पोस्चर साफ झलक रहा है।

कभी वह चेयर पर रॉयल अंदाज में पीछे की ओर झुककर कैमरे में इंटेंस लुक दे रही हैं, तो कभी अपनी थिक-बॉर्डर वाली पैंट और गोल्डन हील्स को फ्लॉन्ट करते हुए फ्रंट पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में वह अपने सिर को हाथों से थामे हुए गहराई से सोचती नजर आ रही हैं, जो उनके फैंस को काफी आकर्षित कर रहा है।

शहनाज के चेहरे का ग्लो और उनके सिजलिंग फेशियल एक्सप्रेशंस इस पारंपरिक आउटफिट में भी बोल्डनेस और ग्लैमर का परफेक्ट फ्यूजन पेश कर रहे हैं। शहनाज की इन तस्वीरों पर कमेंट बॉक्स में फैंस बॉम्बशेल, रॉयल क्वीन और ब्यूटी इन पिंक जैसे कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। कुछ ही घंटों में इस पोस्ट पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं।

## स्टीफन फ्लेमिंग से कभी मिला नहीं, लेकिन उनके बारे में अच्छी बातें सुनी हैं : ओली रोबिन्सन

**इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग को अपना नया टेस्ट हेड कोच नियुक्त किया है।**

**एजेंसी न्यूज. लंदन**

फ्लेमिंग की नियुक्ति को लेकर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रोबिन्सन का कहना है कि उन्होंने फ्लेमिंग के बारे में काफी अच्छी बातें सुनी हैं। टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रही इंग्लैंड टीम को फिर से ट्रैक पर लाने की जिम्मेदारी फ्लेमिंग के कंधों पर होगी। हाल ही में बेन स्टोक्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया, जिसके बाद जो रूट को इंग्लैंड टीम का नया टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं, ब्रेंडन मैकुलम को भी टेस्ट में हेड कोच के पद से हटाया गया है। इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में 2-1 से टेस्ट सीरीज गंवानी पड़ी थी। रोबिन्सन ने द आई पेपर के साथ बातचीत करते हुए कहा, किसी नए व्यक्ति का आना हमेशा कुछ नया और दिलचस्प होता है। मैं स्टीफन फ्लेमिंग से कभी मिला नहीं हूं, लेकिन मैंने उनके बारे में अच्छी बातें सुनी हैं। इसी वजह से यह देखना दिलचस्प होगा कि वह किस तरह की रणनीति अपनाते हैं। यह रोमांचक होगा।

इंग्लिश तेज गेंदबाज ने आगे कहा, जब भी कोई बदलाव होता है, तो यह देखना हमेशा रोमांचक होता है कि चीजें कैसी होंगी और ग्रुप कैसे आगे बढ़ेगा। आखिरकार, मकसद क्रिकेट मैच जीतना ही होता है। मुझे लगता है कि शायद हम उस मकसद से थोड़ा भटक गए थे, लेकिन मैकुलम और बेन के साथ खेलना बहुत मजेदार और सुखद था। दुख की बात है कि वह दौर खत्म हो गया, लेकिन मैं उत्साहित हूं कि कोई नया व्यक्ति आ रहा है। 19 अगस्त से शुरू होने वाली पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड की आगामी टेस्ट सीरीज में वापसी की उम्मीद कर रहे रोबिन्सन ने माना कि स्टोक्स के अचानक रिटायरमेंट से ड्रेसिंग रूम हैरान रह गया था।

मुझे लगता है कि जब उन्होंने रिटायरमेंट लिया तो हम सभी सचमुच थोड़े हैरान थे। मुझे बहुत दुख हुआ क्योंकि मुझे उनकी कप्तानी में और उनके साथ खेलना बहुत पसंद था। और अब ब्रेंडन मैकुलम भी चले गए हैं। जाहिर है कि उन्होंने कहा कि उन्हें मनचाहे नतीजे नहीं मिले, लेकिन उन दोनों के नेतृत्व में खेलना बहुत शानदार अनुभव था। यह अफसोस की बात है, लेकिन मुझे लगता है कि इंग्लिश क्रिकेट में ऐसा होता रहता है। मेरी पहली एशेज सीरीज़ क्रिस सिल्वरवुड की आखिरी सीरीज थी (2021-22 में कोच के तौर पर)। ऐसे दौर आते हैं जब बदलाव होता है और आप फिर से नई शुरुआत करते हैं।

रोबिन्सन ने जून में लॉर्ड्स में सात विकेट लेकर शानदार वापसी की थी, लेकिन घुटने में दर्द के कारण अगले दो टेस्ट नहीं खेल पाए थे।

## पाकिस्तान को लगा बड़ा झटका, वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए शान मसूद

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी बल्लेबाज शान मसूद चोट के चलते दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं।

शान मसूद को उंगली की चोट की वजह से दूसरे टेस्ट से बाहर होना पड़ा है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी के दौरान जयडेन सील्स की एक गेंद मसूद की तर्जनी उंगली (इन्डेक्स फिंगर) पर आकर लगी थी, जिसके बाद वह काफी दर्द में दिखाई दिए थे। मसूद दूसरी पारी में काफी निचले क्रम में बल्लेबाजी करने उतरे थे और बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके थे। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, मसूद का इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टेस्ट सीरीज में भी खेलना मुश्किल नजर आ रहा है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शान मसूद की चोट पर अपडेट देते हुए बताया, पाकिस्तान के टेस्ट बल्लेबाज शान मसूद वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। त्रिनिदाद में ब्रायन लारा क्रिकेट एकेडमी में पहले टेस्ट के दौरान उनके बाएं हाथ की इंडेक्स फिंगर में चोट लग गई थी। स्कैन और नैदानिक मूल्यांकन के बाद, शान का अभी पाकिस्तान टीम के मेडिकल पैनल से इलाज चल रहा है। 19 अगस्त से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए मसूद की उपलब्धता उनकी रिकवरी और क्लिनिकल प्रगति पर निर्भर करेगी।

पाकिस्तान को पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ 90 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। वेस्टइंडीज से मिले चौथी पारी में 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम सिर्फ 120 रन बनाकर ऑलआउट हो गई थी। टीम के बल्लेबाज कैरेबियाई गेंदबाजों के आगे बुरी तरह से संघर्ष करते नजर आए थे। टीम के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक पार नहीं कर सके थे। कप्तान बाबर आजम ने दूसरी पारी में पाकिस्तान की ओर से सर्वाधिक नाबाद 58 रन बनाए थे।

## लवप्रीत सिंह : आर्थिक तंगी और संघर्ष की तपस्या में तपकर चमका दर्जी पिता का बेटा, यादगार प्रदर्शन कर जीता सिल्वर मेडल

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

रात नहीं ख्वाब बदला है, मंजिल नहीं कारवां बदलता है, जज्बा रखो जीतने का क्योंकि किस्मत बदले न बदले, पर वक्त जरूर बदलता है। यह लाइनें पूरी तरह से भारतीय वेटलिफ्टर लवप्रीत सिंह पर फिट बैठती हैं। आर्थिक तंगी और संघर्ष की तपस्या में तपकर लवप्रीत कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के मंच पर क्या खूब चमके। लवप्रीत ने कुल 388 किलोग्राम का भार उठाते हुए देश को वेटलिफ्टिंग में सिल्वर मेडल दिलाया। लवप्रीत एक किलो के भार से गोल्ड लाने से चूक गए, लेकिन उन्होंने स्नैच राउंड में 176 किलो का वजन उठाने के साथ ही कॉमनवेल्थ गेम्स में नया रिकॉर्ड कायम कर दिया। हालांकि, लवप्रीत का गले में सिल्वर मेडल पहनने तक का सफर चुनौतियों से भरा रहा।

लवप्रीत एक बेहद साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता पेशे से दर्जी है, जबकि दादा सब्जियां बेचते हैं। शुरुआत से ही परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। हालांकि, माता-पिता ने लवप्रीत के हाथों में अपनी तरह सुई और धागे की डोर नहीं थमाई, बल्कि उन्हें देश के लिए मेडल लाने का सपना देखने की इजाजत दी। परिवार बेशक आर्थिक तंगी से लड़ाई लड़ता रहा, लेकिन इसका असर पिता ने कभी भी लवप्रीत की ट्रेनिंग पर नहीं पड़ने दिया। लवप्रीत ने महज 13 साल की उम्र में ही वेटलिफ्टिंग की दुनिया में कदम रख दिया था।

परिवार ने उनकी ट्रेनिंग और खानपान का हमेशा ख्याल रखा और कभी भी कोई कमी महसूस नहीं होने दी। भारतीय वेटलिफ्टर की जिंदगी ने तब नया मोड़ लिया जब साल 2015 में उन्हें भारतीय नोसैना में नौकरी मिली। लवप्रीत को इसके बाद पटियाला में नेशनल ट्रेनिंग शिविर में प्रैक्टिस करने का चांस मिला। दो साल के भीतर ही लवप्रीत ने अपनी काबिलियत को साबित करके दिखा दिया और उन्होंने कॉमनवेल्थ जूनियर चैंपियनशिप में गोल्ड और एशियाई जूनियर चैंपियनसशिप में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। अपने इस प्रदर्शन के बाद वह धीरे-धीरे भारतीय वेटलिफ्टिंग टीम के भरोसेमंद लिफ्टर बनते चले गए। लवप्रीत ने स्नैच में 176 किलोग्राम का भार उठाकर रिकॉर्ड तो बनाया ही, इसके साथ ही क्लीन एंड जर्क राउंड में उन्होंने 212 किलो का वजन उठाया। हालांकि, लवप्रीत अपने तीसरे प्रयास में 217 किलो का भार उठाने से चूक गए।

## हौसलों की उड़ान दिव्यांगता को मात देकर चितुराम ने चुकाया छत्तीसगढ़ वित्त विकास निगम का पूर्ण ऋण, बने समाज के रोल मॉडल



**इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा**

छत्तीसगढ़ वित्त एवं विकास निगम रायपुर से स्वरोजगार व आर्थिक उत्थान के लिए ऋण लेने वाले नागरिकों के लिए एक बेहद गौरवशाली और प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। बचेली निवासी दिव्यांग हितग्राही श्री चितुराम नाग, वार्ड कमांक-01, जिला दन्तेवाड़ा ने अपनी शारीरिक चुनौतियों को दरकिनार कर आत्मनिर्भरता की एक नई मिसाल पेश की है। उन्होंने वर्ष 2017 में छत्तीसगढ़ वित्त एवं विकास निगम रायपुर से अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने हेतु 3,60,000 रूपये (तीन लाख साठ हजार रूपये) का ऋण प्राप्त किया था।

हितग्राही चितुराम नाग ने अपनी दिव्यांगता को कभी अपने आड़े नहीं आने दिया और अपनी अटूट मेहनत, दृढ़ संकल्प तथा ईमानदारी से निगम के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निवर्हन किया। वित्तीय अनुशासन का सर्वोत्कृष्ट परिचय देते हुए उन्होंने इस सम्पूर्ण ऋण राशि का समय सीमा के भीतर पूर्ण भुगतान कर दिया है। उनका ऋण खाता अब पूर्ण रूप से नस्तीबद्ध हो चुका है, जो उनके स्वावलंबन को प्रमाणित करता है। शारीरिक बाधाओं को पार कर वित्तीय दायित्वों को समय पर निभाने के इस अभूतपूर्व कदन के लिए सम्बन्धित विभाग के उच्चाधिकारियों एवं समस्त कर्मचारियों द्वारा श्री चितुराम नाग की प्रशंसा की गई तथा उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### व्यावसायिक प्रशिक्षण देने और प्रतिदिन 300-500 कमाई सुनिश्चित करने के निर्देश

निगम के उच्चाधिकारियों द्वारा दिव्यांग हितग्राहियों के आर्थिक सशक्ति करण को और मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके तहत विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मूक बधिर दिव्यांग हितग्राहियों को विशेष व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे प्रशिक्षण प्राप्त कर वे सक्षम बन सकें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक दिव्यांग हितग्राही को ऐसा कौशल मिले जिससे वे प्रतिदिन 300 से 500 तक की नियमित कमाई कर सकें, साथ ही जो दिव्यांग हितग्राही ऋण लिए हैं और भुगतान नहीं कर रहे हैं, उनके ऊपर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान श्री लोकेश कावड़िया जी अध्यक्ष छ.ग वित्त एवं विकास निगम रायपुर (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त), श्री पंकज वर्मा प्रबंधक संचालक छ.ग वित्त एवं विकास निगम रायपुर, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, उप संचालक समाज कल्याण श्री मूलचंद चोपड़ा एवं समाज कल्याण के कर्मचारी उपस्थित रहें।

## दंतेवाड़ा जिले में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा किया प्रभारी सचिव धर्मेश साहू ने

## फ्लैगशिप योजनाओं में जिले को टॉप-10 में लाने के निर्देश

### लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण और हर पात्र हितग्राही तक पारदर्शी लाभ पहुंचाने पर दिया विशेष जोर

**इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा**

जिले में केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं और विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के प्रभारी सचिव श्री धर्मेश साहू ने जिला स्तरीय अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, प्रशासनिक व्यवस्थाओं, राजस्व प्रकरणों तथा विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने पीपीटी के माध्यम से जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चल रहे प्रमुख कार्यों एवं प्रगति की जानकारी दी। बैठक में प्रभारी सचिव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के



क्रियान्वयन में जिले को टॉप 10 जिलों लाने के लिए प्रभावी रणनीति आवश्यक है। इसके साथ ही विकास सूचकांक एवं पोर्टलों की रैंकिंग में भी जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन होना चाहिए। इसे सभी विभाग चुनौतियों की तरह ले। जिन सूचकांक में जिला पिछड़ रहा है। उसकी सुधार के लिए आ रही दिक्कतों को ही चिन्हांकित न करे बल्कि अपने स्तर पर उसका समाधान प्रस्तुत करते हुए कलेक्टर को अवगत कराए। साथ ही अपने-अपने विभागीय अमले का प्रचुर इस्तेमाल कर अन्य विभागों से भी समन्वय करना भी सभी विभाग प्रमुखों का प्रमुख जिम्मेदारी है। इस क्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि आगामी बैठक में आवास योजना में प्रगति प्रदर्शित होनी चाहिए इसके लिए अभी से ही सकारात्मक प्रयास करें। इसके साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा में उन्होंने वार्षिक लक्ष्य, सृजित मानव दिवस, मजदूरी भुगतान, स्वीकृत, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। राष्ट्रीय आजीविका मिशन तथा लखपति दीदी योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के 10 हजार दीदियों को लखपति बनाई गई है। इस पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं के कौशल का उपयोग कर उनकी आजीविका में वृद्धि करें।

### सभी विभाग समन्वय से करें काम, पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे योजनाओं का लाभ

जिला कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रभारी सचिव धर्मेश साहू ने सभी विभागों को शासन की योजनाओं के प्रभावी ि यान्वयन के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी और बिना किसी बाधा के पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, यह प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, जल जीवन मिशन, आयुष्मान कार्ड, लखपति दीदी, मातृ वंदन, शिक्षा, कृषि एवं अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन, अपार आईडी निर्माण, संस्थागत प्रसव, स्वच्छ पेयजल उपलब्धता और सभी स्वीकृत विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। प्रभारी सचिव ने कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी को मिशन मोड में निभाए ताकि विकास कार्यों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जिले का प्रदर्शन प्रदेश में बेहतर हो सके।

### तेलीमारेंगा के किसान महादेव मौर्य ने धान रोपाई मशीन से उन्नत खेती-किसानी को दी नई दिशा

**जगदलपुर।** कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों और उन्नत कृषि यंत्रों के बढ़ते उपयोग ने किसानों की राह बेहद आसान कर दी है। इसी कड़ी में तेलीमारेंगा गांव के प्रगतिशील किसान महादेव मौर्य ने इस बार धान रोपाई के लिए आधुनिक राइस ट्रांसप्लांटर (धान रोपाई मशीन) का उपयोग कर पारंपरिक खेती को एक नया मोड़ दिया है। महादेव मौर्य के पास 8 एकड़ पैतृक कृषि भूमि है और उन्होंने 8 एकड़ भूमि लीज (ठेके) पर लेकर कुल 16 एकड़ में खेती की है। इस मौसम में मजदूरों की भारी किल्लत का सामना करना पड़ता है, लेकिन इस नवीन धान रोपाई मशीन के उपयोग से न केवल मजदूरी पर निर्भरता कम हुई है, बल्कि समय की भी भारी बचत हो रही है। जहां हाथ से रोपाई कराने में काफी समय और दर्जनों मजदूर लगते थे।

## बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे निगम अध्यक्ष लोकेश कांवड़िया

### कहा -शासन प्रशासन हर परिस्थिति में आपके साथ हैं



**इम्पेक्ट न्यूज. बीजापुर**

छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री लोकेश कांवड़िया ने अपने दो दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान भोपालपटनम विकासखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने इन्द्रावती नदी में बढ़े जलस्तर और तिमेड़ पुल की स्थिति का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से क्षेत्र की वर्तमान परिस्थितियों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के पश्चात श्री कांवड़िया चंदनगिरी स्थित राहत शिविर पहुंचे, जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से आत्मीयता के साथ मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने पीड़ितों की समस्याएं सुनीं तथा राहत शिविर में उपलब्ध कराई जा रही भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य, आवास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

## एनएमडीसी के सीएसआर के अंतर्गत नर्सिंग कोर्स हेतु ऑनलाइन प्रवेश सूचना जारी

**दंतेवाड़ा।** एनएमडीसी लिमिटेड (बचेली कॉम्प्लेक्स) के सीएसआर विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार बालिका षिक्षा योजना अंतर्गत बस्तर क्षेत्र के इच्छूक गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जनजाति छात्राओं हेतु एसआरएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग, चेन्नई, अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, चित्तूर, अपोलो स्कूल ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद, किम्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग हैदराबाद तथा यशोदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग हैदराबाद में बीएससी नर्सिंग (04 वर्षीय) एवं जीएनएम (03 वर्षीय) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु न्यूनतम 17 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष से कम उम्र की आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

इन पाठ्यक्रमों में कुल 200 सीटें है. जिसमें बीएससी नर्सिंग के लिए 110 व जीएनएम के लिए 90 सीटें उपलब्ध हैं। चयनित छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी। इस संबंध में योग्यता अनुसार बीएससी (नर्सिंग) हेतु 12वीं में विज्ञान विषयों में (भौतिक, रसायन एवं बायोलॉजी) कम से कम 45 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए तथा संपूर्ण विषयों में कुल योग 45 प्रतिशत होना अनिवार्य है। इसके अलावा अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### अंबेली नाला में फंसे लोगों के लिए बनी राहत की डोर

## एनडीआरएफ-एसडीआरएफ ने सुरक्षित कराया पार, प्रशासन ने पहुंचाई त्वरित सहायता

**बीजापुर।** जिले में लगातार हो रही वर्षा के बीच भैरमगढ़ विकासखंड के कुटरू स्थित अंबेली नाला में फंसे लोगों को जिला प्रशासन की तत्परता से सुरक्षित बाहर निकाला गया। एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने साहस और दक्षता का परिचय देते हुए सभी लोगों को सुरक्षित नाला पार कराया तथा उन्हें उनके गृह ग्रामों की ओर सकुशल रवाना किया।

राहत एवं बचाव कार्य के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भैरमगढ़ श्री विकास सर्वे की उपस्थिति में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रभावित लोगों को बिस्किट एवं पेयजल का वितरण किया गया। प्रशासन द्वारा राहत सामग्री उपलब्ध



कराते हुए लोगों की हरसंभव सहायता सुनिश्चित की गई। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि लगातार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं, इसलिए किसी भी स्थिति में बहते पानी को पार करने का प्रयास न करें। किसी

## बस्तर की बेटियां उड़ेंगी सफलता की नई उड़ान

### बेंगलुरु की फॉक्सकॉन कंपनी में 12 युवतियों का चयन, कलेक्टर ने सौंपे नियुक्ति पत्र







**इम्पेक्ट न्यूज. जगदलपुर**

बस्तर की प्रतिभाएं अब देश के अग्रणी औद्योगिक मंचों पर अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जिला प्रशासन बस्तर के सतत प्रयासों के फलस्वरूप जिले की 12 युवतियों का चयन विख्यात इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता कंपनी फॉक्सकॉन बेंगलुरु में हुआ है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कलेक्टरेट में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनके सफल, सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय खन्ना एवं सहायक कलेक्टर श्री यशवंत नायक भी उपस्थित थे।

संवाद के दौरान कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने सभी चयनित बेटियों को बधाई देते हुए उनकी चयन प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने युवतियों का हौसला बढ़ाते हुए आश्वस्त किया कि दूसरे शहर में कार्य करने के दौरान यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या या चुनौती का सामना करना पड़े, तो वे बिना किसी झिझक के तत्काल जिला प्रशासन को सूचित करें। प्रशासन हर कदम पर उनकी सुरक्षा और सहयोग के लिए सदैव ढाल बनकर खड़ा रहेगा। इसी क्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी चयनित युवतियों को शुभकामनाएँ देते हुए कार्यस्थल पर पूरी निष्ठा, लगन और ईमानदारी से कार्य सीखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यहाँ प्राप्त बेहतर अनुभव भविष्य में प्रगति के नए और उत्कृष्ट अवसर दिलाने में सहायक सिद्ध होगा। वहीं सहायक कलेक्टर ने चयनित युवतियों को निडर रहकर, पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और हर परिस्थिति में निरंतर सीखते रहने का संदेश दिया।

इस सफलता के पीछे जिला प्रशासन के विभिन्न घटकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। चयन प्रक्रिया से जुड़ी युवतियों में से कुछ ने जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज जगदलपुर से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया था, जबकि अन्य युवतियाँ लाइवलीहुड कॉलेज द्वारा आयोजित प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से इस अवसर से जुड़ीं। इस पूरे सफर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदियों ने भी युवतियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाई।

## जिले में मच्छर रोधी कीटनाशक छिड़काव के लिए आवश्यक प्रशिक्षण संपन्न

**इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा**

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके मार्गदर्शन में जिले में मच्छर रोटी कीटनाशक छिड़काव के आवश्यक तैयारी हेतु समस्त विकास खंड में छिड़काव दल का गठन कर आवश्यक प्रशिक्षण संपन्न कर दिया गया है। जिले में मलेरिया के बचाव एवं रोकथाम के लिए दो चरणों में छिड़काव का कार्य संपन्न कराया जाएगा जिसमें प्रथम चरण 1 अगस्त से 15 अक्टूबर एवं द्वितीय चरण 16 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत जिले में गठित कुल 14 छिड़काव दल के द्वारा घर-घर जाकर मच्छर रोधी कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जाएगा। इसके अलावा जिले के समस्त आश्रम छात्रावास, पोटाकेबिन एवं अर्धसैनिक बलों के कैंप में भी छिड़काव का कार्य किया।

### आश्रम एवं छात्रावासों के रिक्त सीटों में प्रवेश के संबंध में सूचना

**दंतेवाड़ा।** वर्ष 2026-27 में जिले में आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित आश्रम एवं प्री. मैट्रिक छात्रावासों में शिक्षण सत्र 2026-27 में कुल 07 आश्रमों एवं 11 प्री. मैट्रिक छात्रावासों के रिक्त सीटों में छात्र,छात्राओं के, प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में दन्तेवाड़ा विकासखण्ड अंतर्गत संचालित संस्थाओं में कन्या आश्रम पीना बचेली 35, बालक आश्रम चंदेनार 20, प्री.मैट्रिक अजजा बालक छात्रावास भांसी 30, प्री. मैट्रिक अजजा बालक छात्रावास मेटापाल 20, प्री. मैट्रिक अजजा बालक छात्रावास गंजेनार 50, प्री. मैट्रिक अजजा बालक छात्रावास जारम 15,तथा गीदम विकासखंड अन्तर्गत बालक आश्रम कारली 25, कन्या आश्रम समलूर 30, कन्या आश्रम फरसपाल 40, प्री. मैट्रिक अजजा बालक छात्रावास

## पोटाकेबिन छात्रावास में भ्रष्टाचार और लापरवाही की कीमत आदिवासी बच्चे चुका रहे : तुलिका कर्मा

### शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण छोड़ मुख्यालय तक सीमित

**इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा**

जिले के ग्राम धनिकरका स्थित 500 सीटर पोटाकेबिन बालक छात्रावास की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर जिला पंचायत सदस्य एवं महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तुलिका कर्मा ने छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की स्थिति देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी आवासीय शिक्षा व्यवस्था जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण बदहाली का शिकार हो गई है। यहां अध्ययनरत बच्चों को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में कई गंभीर अनियमितताएं सामने



आईं। भवन की छत से जगह-जगह पानी टपक रहा था, जिससे बच्चों के कमरों में नमी और असुविधा बनी हुई है। कई बच्चे बीमार पाए गए, लेकिन उनके समुचित उपचार एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं दिखी। छात्रों ने बताया कि उन्हें निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा है तथा सुबह का नाश्ता भी नियमित रूप से नहीं मिलता। इससे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### सम्मान और शुभकामनाओं के साथ प्रधान पाठक कृष्णा दत्त राय को भावभीनी विदाई

**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशन में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक कृष्णा दत्त राय को जिला कार्यालय में आयोजित गरिमामय समारोह में आत्मीय एवं भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल ने श्री राय के दीर्घकालीन, समर्पित एवं कुशल सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उल्लेखनीय योगदान को स्मरण किया। अपने उद्बोधन में अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि शासकीय सेवा केवल दायित्वों का निर्वहन नहीं, बल्कि समाज और भावी पीढ़ी के निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्णा दत्त राय ने अपने सेवाकाल में शिक्षा के क्षेत्र में निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने उनके उज्ज्वल, स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए पेंशन प्रमाण पत्र भेंट किया।

## लोक परीक्षा संशोधन विधेयक 2026 से परीक्षा माफिया पर कसेगा शिकंजा : शिवनारायण पाण्डेय

### करोड़ों युवाओं के सुरक्षित भविष्य, ईमानदार प्रतिभा और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की दिशा में ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी कदम : भाजपा

**इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा**



भाजपा जिला प्रभारी शिवनारायण पाण्डेय ने लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 के पारित होने का स्वागत करते हुए इसे देश के करोड़ों युवाओं के सुरक्षित भविष्य, ईमानदार प्रतिभा और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के सपनों, उनके परिश्रम और उनके भविष्य की रक्षा के लिए निरंतर ठोस एवं प्रभावी निर्णय ले रही है। यह संशोधन उसी दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

भाजपा जिला प्रभारी शिव नारायण पाण्डेय ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं करोड़ों युवाओं की वर्षों की मेहनत, आशाओं और विश्वास का आधार होती हैं। प्रश्नपत्र लीक, नकल माफिया और संगठित परीक्षा अपराध जैसी गतिविधियां न केवल योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय करती हैं, बल्कि पूरे परीक्षा तंत्र की विश्वसनीयता को भी प्रभावित करती हैं। ऐसे अपराधों पर कठोर और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाया गया यह संशोधन परीक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएगा। उन्होंने कहा कि संशोधन विधेयक के माध्यम से परीक्षा संबंधी अपराधों के विरुद्ध दंडात्मक प्रावधानों को और अधिक कठोर बनाया गया है। इससे परीक्षा माफिया, संगठित आपराधिक गिरोहों तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता में शामिल तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई का मार्ग और मजबूत होगा। साथ ही परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों एवं सेवा प्रदाताओं की जवाबदेही भी और अधिक सुनिश्चित होगी, जिससे पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और विश्वसनीय बनेगी।

भाजपा जिला प्रभारी शिव नारायण पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हमेशा युवाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। नई शिक्षा नीति, कौशल विकास, रोजगार सृजन, डिजिटल पारदर्शिता तथा अब परीक्षा प्रणाली को और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में यह संशोधन युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इससे प्रतिभाशाली और मेहनती युवाओं का विश्वास और अधिक मजबूत होगा तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है, जब युवाओं को उनकी योग्यता और परिश्रम के अनुरूप निष्पक्ष अवसर प्राप्त हों।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कलेक्टर श्री विश्वदीप का व्यापक दौरा, राहत शिविर पहुंचकर पीड़ितों का बढ़ाया हौसला

**बीजापुर।** जिले में लगातार हो रही वर्षा और बाढ़ की स्थिति के मद्देनज़र कलेक्टर श्री विश्वदीप ने शुक्रवार को भोपालपटनम क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले इन्द्रावती नदी के तिमेड़ पुल का अवलोकन कर जलस्तर एवं आवागमन की स्थिति की जानकारी ली। इसके पश्चात चंदनगिरी स्थित राहत शिविर पहुंचकर वहां ठहरे बाढ़ प्रभावित परिवारों से



मुलाकात की, उनका हालचाल जाना तथा उन्हें हरसंभव प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। राहत शिविर में कलेक्टर ने भोजन, स्वच्छ पेयजल, वस्त्र, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत शिविर में रह रहे प्रत्येक परिवार की मूलभूत आवश्यकताओं की नियमित रूप से पूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न होने पाए।


स्वामी एम्बिशस् प्रिंटर्स के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक बिनोद कुमार सिंह द्वारा आसमा प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पंजाब नेशनल बैंक के सामने जय स्तंभ चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001. से मुद्रित कर एच163, सुरभि कॉलोनी, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, छतीसगढ़, 494449 से प्रकाशित, संपादक* सुरेश महापात्र। (समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।)